दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 123 जयपुर, शनिवार, 13 अप्रैल, 2024 | चैत्र, शुक्ल पक्ष- पंचमी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### बूढ़ी गणगौर के साथ थमा तीज त्योहारों का दौर



**जयपुर।** पिंकसिटी में शुक्रवार को त्रिपोलिया गेट से बूढ़ी गणगौर की सवारी निकाली गई, जिसे देखने के लिए शहर वासियों के साथ-साथ पर्यटकों का हुजूम भी उमड़ा। इस शाही सवारी के समापन के साथ ही न सिर्फ गणगौर फेस्टिवल का समापन हुआ, बल्कि तीज-त्योहार पर भी ब्रेक लग गया है। राजस्थान में ये कहावत प्रचलित है 'तीज त्योहारां बावड़ी, ले डूबी गणगौर। दरअसल, तीज के त्योहार से पर्वों की शुरुआत होती है और गणगौर के बाद चार महीने तक कोई भी त्योहार नहीं आता। शुक्रवार को बूढ़ी गणगौर की सवारी के समापन के साथ तीज-त्योहार का दौर भी थम गया। जयपुर की प्रसिद्ध गणगौर फेस्टिवल के दूसरे दिन भी पूजा अर्चन कर जनाना ड्योढ़ी से बूढ़ी गणगौर की शाही सवारी चांदी की पालकी में विराजित कर त्रिपोलिया गेट से निकलकर छोटी चौपड़, गणगौरी बाजार होते हुए तालकटोरा पहुंची।

■ पेज 3 भी देखें

## मोदी ने जल जीवन मिशन, एयरपोर्ट और रिफाइनरी पर कांग्रेस को घेरा

# कांग्रेस ने जल को भी नहीं छोड़ा, उसमें भी किया भ्रष्टाचार

**बेधड़क** | जयपुर

लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 25 सीटें जीतकर हैट्रिक लगाने का प्रयास करने वाली बीजेपी ने चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है। हैट्रिक लगाने के लिए बीजेपी के केंद्रीय नेतृत्व का पूरा फोकस राजस्थान पर है। यही वजह से पीएम मोदी की एक के बाद एक चुनाव सभाएं राजस्थान के अलग अलग लोकसभा क्षेत्रों में हो रही है। अप्रैल माह में अब तक पीएम मोदी पांचवीं बार प्रदेश दौरे पर आ चुके हैं।

बाड़मेर में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने जल जीवन मिशन, एयरपोर्ट और रिफाइनरी पर कांग्रेस को जमकर घेरा है। पीएम मोदी ने कहा कि पानी की कीमत बाड़मेर जैसलमेर से ज्यादा कौन जान सकता है। यहां के लोग कहते हैं कि घी ढूले तो म्हारो कुछ नहीं गियो, पानी ढूले तो म्हारो सब कुछ गियो। यह राजस्थान बात बोलकर पीएम मोदी ने बताया कि यहां के लोगों के लिए पानी घी से भी मूल्यवान है। उन्होंने कहा कि घर-घर पानी पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार ने जल जीवन मिशन शुरू किया, लेकिन कांग्रेस ने उसमें भी जमकर भ्रष्टाचार किया। ईआरसीपी प्रोजेक्ट को रोकने के लिए कांग्रेस ने पांच साल तक अटकलें लगाई। प्रदेश में भजनलाल शर्मा की सरकार बनते ही 100 दिन में ईआरसीपी को मंजूरी मिल गई।

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस की सोच ही विकास विरोधी है। वे लोग देश के सीमावर्ती गांव को आखिरी गांव कहते हैं। हमारे लिए ये गांव देश के पहले गांव हैं। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस यह सोचती थी कि सीमावर्ती गांवों में सड़क बनाएंगे और विकास के कार्य करेंगे तो दुश्मन देश आकर कब्जा कर लेंगे। कांग्रेस की इस सोच को पीएम मोदी ने शर्मनाक सोच बताया। उन्होंने आक्रोश दिखाते हुए कहा कि दुश्मन के कलेजे में इतनी हिम्मत नहीं जो बाड़मेर की सीमा में घुसकर कब्जा करने की सोचे।

### मानवेंद्र की 6 साल बाद हुई घर वापसी

बाड़मेर। लोकसभा चुनाव 2024 से पहले मारवाड़ में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। 6 साल तक कांग्रेस में रहे दिग्गज नेता पूर्व सांसद कर्नल मानवेंद्र सिंह ने कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंच पर पार्टी ने मानवेंद्र सिंह जसोल की भाजपा में घर वापसी कराई। मंच पर मौजूद पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, प्रभारी शंकर सिंह राजपुरोहित, पोकरण विधायक मंहत प्रतापपुरी, कैलाश चौधरी सहित भाजपा के कई नेताओं ने मानवेंद्र सिंह जसोल को दुपट्टा पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलाई। सियासी जानकारों का कहना है कि बीजेपी के इस सियासी दांव से निर्दलीय प्रत्याशी रविंद्र सिंह भाटी की मुश्किलें बढ़ गई है। जसोल की वापसी से बीजेपी को राजपूत समाज का समर्थन मिल जाएगा, जिसके बल पर भाटी अपनी जीत तय मान रहे हैं। राजपूत वोट बैंक में सेंध का सीधा लाभ कांग्रेस के उम्मेदाराम बेनीवाल को मिल सकता है।






### कांग्रेस ने रिफाइनरी में अटकाए रोड़े

पीएम मोदी ने कहा कि बाड़मेर की रिफाइनरी में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने खूब रोड़े अटकाए, अगर पिछले पांच साल तक कांग्रेस रोड़े नहीं अटकाती तो रिफाइनरी का उद्घाटन वे अपने दूसरे कार्यकाल में ही कर देते। उन्होंने कहा कि मोदी अपने तीसरे कार्यकाल में रिफाइनरी का उद्घाटन करने आएगा और उसी दिन बाड़मेर वालों को यह लोकसभा सीट पर बीजेपी को जिताने पर धन्यवाद भी देगा। पीएम मोदी ने कहा कि बाड़मेर में बनने वाले एयरपोर्ट का कार्य में भी कांग्रेस ने बड़ी रुकावटें डाली। अगर कांग्रेस ने बेवजह ब्रेक नहीं लगाए होते तो दो साल पहले ही एयरपोर्ट चालू हो जाता।

### बाड़मेर-जैसलमेर सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला

लोकसभा चुनाव को लेकर बाड़मेर-जैसलमेर हॉट सीट बनी हुई है। केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी पर दोबारा भरोसा जताते हुए बीजेपी ने उन्हें दूसरी बार प्रत्याशी बनाया है, वहीं कांग्रेस ने आरएलपी छोड़ पार्टी में शामिल हुए उम्मेदाराम बेनीवाल को मैदान में उतरा है, जबकि भाजपा से बागी होकर शिव विधानसभा से निर्दलीय विधायक बने रविंद्र सिंह भाटी यहां से ताल ठोक चुके हैं। इस सीट को साधने के लिए भाजपा-कांग्रेस ने पूरी ताकत झोंक दी है तो वहीं निर्दलीय प्रत्याशी रविंद्रसिंह भाटी भी पूरा जोर लगा रहे हैं।

## पीएम ने दौसा में किया रोड शो

# कमल का निशान दिखाकर जनता से मांगा समर्थन

**बेधड़क** | दौसा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव को लेकर दौसा में रोड शो किया। इस दरम्यान लोगों ने पीएम पर फूल बरसाए तो मोदी ने हाथ जोड़कर अभिवादन किया। पीएम मोदी के साथ ओपन जीप में कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा और दौसा से लोकसभा प्रत्याशी कन्हैयालाल मीणा ने सवार होकर रोड शो किया। इस दौरान पीएम मोदी अपने हाथ में कमल का निशान दिखाकर लोगों का अभिवादन करते नजर आए। रोड शो गांधी तिराहे से शुरू हुआ और गुप्तेश्वर सर्किल पर खत्म हुआ।

मोदी ने 50 मिनट तक करीब सवा किमी तक लोगों का अभिवादन स्वीकारा। इस दौरान पीएम मोदी जहां हाथ हिलाकर जनता का अभिवादन करते नजर आए, वहीं जनता भी मोदी-मोदी के नारे लगाती नजर आई। मोदी के रोड शो में अच्छी खासी तादाद में महिलाएं भी नजर आईं। रोड शो के दौरान सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए थे। रोड शो के दौरान जिला और रेंज के छह एसपी, 45 एएसपी और डीएसपी, 125 इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर तैनात रहे। इसके अलावा एक हजार से ज्यादा जवानों को भी तैनात किया गया।




## विदेशी क्रिकेटरों ने किए 5 टाइगरों के दीदार



**सवाई माधोपुर।** रणथंभौर में देश और विदेश की नामी-गरामी हस्तियों के आने और टाइगर सफारी करने का सिलसिला अक्सर लगा रहता है। इसी कड़ी में न्यूजीलैड क्रिकेट टीम के कैप्टन कैन विलियम्स, अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के सदस्य राशिद खान एवं आस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के सदस्य स्पेंसर जानसन रणथंभौर पहुंचे। उन्होंने रणथंभौर नेशनल पार्क के जोन नंबर तीन में टाइगर सफारी का लुफ्त उठाया। टाइगर सफारी के दौरान विदेशी क्रिकेटरों को जोन नंबर तीन में एक साथ पांच टाइगरों के दीदार हुए। क्रिकेटरों ने यहां बाघिन रिद्धी सहित उसके तीन शावकों और बाघ टी-120 की अठखेलियां देखीं। बाघ-बाघिन और शावकों की अठखेलियां देख विदेशी क्रिकेटर खासे रोमांचित नजर आए।

## लोकसभा चुनाव से पहले महंगाई के मोर्चे पर राहत भरी खबर

# 10 माह के निचले स्तर पर खुदरा महंगाई दर

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव से पहले आम आदमी के लिए राहत की खबर है। इस साल मार्च में खुदरा महंगाई दर 10 महीने के निचले स्तर पर पहुंच गई है। नेशनल स्टैटिकल ऑफिस की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक देश की खुदरा महंगाई दर मार्च में घटकर 4.85 फीसदी पर आ गई। इससे पहले फरवरी में खुदरा महंगाई दर 5.09 फीसदी थी। खाद्य उत्पादों की कीमतों में नरमी आने से ऐसा हुआ है। भारतीय रिजर्व बैंक ने अप्रैल से शुरू होने वाले नए वित्त वर्ष 2024-25 में खुदरा महंगाई दर पांच प्रतिशत से नीचे रहने का अनुमान लगाया था। आने वाले महीनों में खुदरा महंगाई दर और कम हो सकती है।

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों से पता चला है कि मार्च में भारत की खुदरा मुद्रास्फीति पिछले महीने (फरवरी 2024) के 5.09 प्रतिशत की तुलना में सालाना आधार पर 4.85 प्रतिशत हो गई। एक सर्वेक्षण में महंगाई दर घटकर 4.91 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने FY25 की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति समिति की बैठक के परिणामों की घोषणा करते हुए मुद्रास्फीति को प्रमुख चुनौती बताया था। उस दौरान आरबीआई गवर्नर ने संकेत दिए थे कि खुदरा मुद्रास्फीति धीरे-धीरे 4 प्रतिशत की वांछनीय सीमा के भीतर लौट रही है।




### क्या है सीपीआई आधारित खुदरा महंगाई दर?

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) उपभोक्ता के दृष्टिकोण से वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में परिवर्तन को मापता है। केंद्रीय बैंक मूल्य स्थिरता बनाए रखने की अपनी भूमिका में इस आंकड़े का इस्तेमाल करता है। पूर्वानुमान से अधिक मजबूत सीपीआई रीडिंग आमतौर पर रुपये की मजबूती के लिए सहायक (बुलिश) होती है, जबकि पूर्वानुमान से कमजोर रीडिंग आमतौर पर रुपये के लिहाज से नकारात्मक (मंदी वाली) होती है।

## एसआई पेपर लीक केस

# SOG को लगा झटका... कोर्ट ने 12 ट्रेनी एसआई को दी सशर्त जमानत

- एसओजी ने 2 अप्रैल की सुबह आरपीए से लिया था हिरासत में
- तीन अप्रैल की शाम को आरोपियों की दिखाई गई थी गिरफ्तारी
- गृह सचिव व डीजीपी को दिए दोषी अफसरों पर कार्रवाई के आदेश

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट, महानगर-द्वितीय ने एसआई पेपर लीक मामले में 12 आरोपियों को सशर्त जमानत पर रिहा कर दिया गया है। अदालत ने माना कि इन आरोपियों को बिना नोटिस दिए गिरफ्तार किया गया था। इसके अलावा उन्हें कस्टडी में लेने के 24 घंटे में अदालत में पेश नहीं किया गया। ऐसे में उन्हें हिरासत में रखना अवैध माना जाएगा। अदालत ने 11 ट्रेनी एसआई सुरेंद्र, दिनेश, भालाराम, राकेश, सुभाष, अजय, जयराज, मनीष, मंजू, चेतन, हरखू और कांस्टेबल अभिषेक को तत्काल रिहा करने के आदेश दिए हैं। साथ ही अदालत ने राज्य के गृह सचिव और डीजीपी को कहा कि वो दोषी अधिकारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई करें। अदालत ने यह आदेश आरोपियों की ओर से पेश प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए दिए।



### 24 घंटे के अंदर पेश नहीं किए जाने के कारण दी बेल

प्रार्थना पत्र में अधिवक्ता विपुल शर्मा व अन्य ने अदालत को बताया कि 11 ट्रेनी एसआई को गत 2 अप्रैल की सुबह आरपीए से एसओजी ने हिरासत में लिया और उन्हें 3 अप्रैल की शाम को गिरफ्तार दिखाया गया। इसी तरह आरोपी अभिषेक को 31 मार्च को हिरासत में लेकर उसकी गिरफ्तारी 3 अप्रैल को दिखाई गई। वहीं आरोपियों को गिरफ्तारी से पूर्व सीआरपीसी की धारा 41-क का नोटिस भी नहीं दिया गया, जबकि कानून में प्रावधान है कि आरोपी को 24 घंटे के भीतर अदालत में पेश किया जाएगा और सात साल से कम सजा वाले अपराध में गिरफ्तारी से पूर्व आरोपियों को नोटिस दिया जाएगा। इस मामले में एसओजी ने इन दोनों प्रावधानों की अवहेलना की है। ऐसे में आरोपियों को रिहा किया जाए, वहीं पर्याप्त समय देने के बाद भी सरकारी वकील और एसओजी की ओर से अदालत में कोई जवाब पेश नहीं किया गया। जांच अधिकारी और सरकारी वकील ने कहा कि जांच एजेंसी को संदिग्ध व्यक्ति से पूछताछ का अधिकार है।

**ये है मामला**

एसओजी की टीम 2 अप्रैल को सुबह करीब 9.30 RPA पहुंची थी। यहां तीन घंटे तक आरोपियों से पूछताछ की थी। इसके बाद 15 ट्रेनी एसआई को डिटेन कर एसओजी मुख्यालय लाया गया था। इसमें 2 महिला और 13 पुरुष सब इंस्पेक्टर शामिल थे। यहां पूछताछ के बाद 3 अप्रैल को 11 ट्रेनी एसआई को गिरफ्तार कर लिया गया था।

**जरूरी खबर**

## गृहमंत्री अमित शाह आज हरसौली करेंगे जनसभा



**बेधड़क.जयपुर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह कल शनिवार को अलवर में भाजपा प्रत्याशी भूपेन्द्र यादव के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। शाह हरसौली के तिनकरूड़ी फार्म हाऊस के सामने स्थित सभास्थल पर दोपहर 3 बजे पहुंचेगे। इस दौरान उनके साथ प्रदेश भाजपा के भी नेता मौजूद रहेंगे। शुक्रवार को शाह की जनसभा के लिए पदाधिकारी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे रहे। तय कार्यक्रम के अनुसार केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सभा के बाद नोएडा के लिए रवाना होंगे।

## पूर्व मंत्री उम्मेद सिंह राठौड़ का निधन, अंत्येष्टि आज

**बेधड़क.जयपुर।** पूर्व मंत्री रहे उम्मेद सिंह राठौड़ का शुक्रवार को जयपुर में निधन हो गया। उम्मेद सिंह का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव खोजास में शनिवार को होगा। इससे पहले उठावना शिव कॉलोनी, नागौर रोड, डीडवाना में होगा। उम्मेद सिंह भैरोंसिंह शेखावत सरकार में (1990 से 92 तक) मंत्री रहे थे। वे डीडवाना से विधायक रहे थे। वहीं वर्ष 1980 से 85 के बीच सांतवीं और वर्ष 1990 से 1992 में 9वीं विधानसभा के भी सदस्य रहे थे। वे जनसंघ, जनता दल समेत सामाजिक संगठन राजपूत सभा से भी जुड़े रहे थे।

## सियासी स्वार्थ के लिए बेबुनियादी बातें कर रहे रोत



**बेधड़क.जयपुर।** उदयपुर संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी डॉ. मन्नालाल रावत ने जनसपर्क अभियान के तहत शुक्रवार को आसपुर विधानसभा क्षेत्र में बैठक की। इस दौरान उनके साथ प्रदेश के जनजाति विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी भी मौजूद रहे। उन्होंने कार्यक्रम में कहा कि बाप के नेता कहते हैं आदिवासी हिंदू नहीं है, जबकि आदिवासी समाज शुरू से ही सनातन धर्म को मानने वाला है। यदि आदिवासी हिंदू नहीं हैं तो बांसवाड़ा सीट से बीएपी प्रत्याशी राजकुमार रोत के पिता का नाम शंकर व माता का नाम पार्वती कैसे है। खराड़ी ने कहा कि केवल अपने सियासी स्वार्थ सिद्धि के लिए बाप के नेता बेबुनियादी बातें कर रहे हैं। वो अपने ही पूर्वजों व आदिवासी संस्कृति पर सवाल खड़े कर रहे हैं।

---

### क्षेमंकरी माता और भगवान जम्भेश्वर के दर पर मत्था टेका, कहा- भाजपा को सबक सिखाएगी जनता

# भीनमाल के 45 से अधिक गांवों के लोगों से वैभव ने किया संवाद

**बेधड़क** | जयपुर

जालोर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी वैभव गहलोत ने शुक्रवार को भीनमाल क्षेत्र में जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से संवाद किया और क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी ली। जनसंपर्क के दौरान वैभव ने भीनमाल में परम आराध्या क्षेंमकरी माता मंदिर में खीमज माता के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

वैभव जोगाऊ गांव भी पहुंचे और वहां बिश्नोई समाज के आराध्य गुरु जम्भेश्वर भगवान के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने भागलभीम में महादेव मंदिर, कंवलेश्वर महादेव, श्री ईश्वरेश्वर महादेव मंदिर में



दर्शन कर पुण्यलाभ प्राप्त किया। नवरात्र के अवसर पर उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों की खुशहाली, संपन्नता व सफलता का प्रार्थना मातारानी से की। वैभव ने भीनमाल क्षेत्र के भागलभीम, निम्बावास, नोहरा, दांतिवास, पुनासा, फागोतरा, थोबाऊ, वाडा भाडवी, नया वाडा, कूका, वाली, भालनी, लाखणी, धुम्बडिया, नरसाणा, सेवडी, जेरण, जुजानी सहित 45 गांवों के लोगों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने आमजन से अपील की कि वे 26 अप्रैल को वोट डालने जरूर आएं और सोच-समझ कर, अपने मन को टटोल कर वोट दें।

### जालोर की तरक्की के लिए कांग्रेस को चुने

लोगों से संवाद के दौरान वैभव गहलोत ने कहा कि कांग्रेस सरकार जनकल्याण और विकास की राजनीति में विश्वास रखती है। पिछली कांग्रेस सरकार में जिस तरह की जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की गईं, वह देश-दुनिया में एक नजीर बनीं। उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार और स्थानीय भाजपा सांसदों की उपेक्षा के कारण ही जालोर, सांचौर, सिरोही जिला पिछड़ा हुआ है। आज भी यहां बुनियादी विकास की जरूरतें जैसे ट्रेन, सड़क, पानी, बिजली, रोजगार आदि की समस्याएं हैं। उन्होंने यदि आपको अपने क्षेत्र की तरक्की चाहिए। बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ आधारभूत सुविधाएं चाहिएं तो कांग्रेस का साथ दें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी 14 अप्रैल को भीनमाल आ रही हैं। इस मौके पर आमजन अधिक से अधिक संख्या में उन्हें सुनने आए।

### आज रेवदर में करेंगे जनसंपर्क

वैभव गहलोत शनिवार को रेवदर विधानसभा क्षेत्र के निम्बज, दांतराई, जीरावल, दौलपुरा, दत्ताणी, बहादुरपुरा, चण्डेला, गिरवर, चनार, आवला, धामसरा, मूंगथला, क्यारिया, गणका, गांधीनगर सहित 50 गांवों के लोगों से मुलाकात और संवाद करेंगे।

### हिमांशी गहलोत ने आमजन से की मुलाकात



वैभव गहलोत की पत्नी हिमांशी गहलोत भी इन दिनों जालोर लोकसभा क्षेत्र में सक्रिय हैं और प्रचार कर रही है। उन्होंने शुक्रवार सुबह जालोर सब्जीमंडी में आमजन से चर्चा की और जनता से वैभव गहलोत को आशीर्वाद देने की अपील की। उन्होंने महिलाओं से रूबरू होते हुए कहा कि लोकतंत्र में महिलाओं की भी बराबर की भूमिका है। उन्होंने घर-गृहस्थी की गाड़ी को रफ्तार देने, महंगाई से राहत के लिए, अच्छी योजनाओं को लाने और क्षेत्र के विकास के लिए कांग्रेस को वोट देने की अपील की। इस दौरान उन्होंने मंडी के व्यापारियों से भी चर्चा की और उनकी समस्याएं जानी।

---

### बाड़मेर और गंगानगर में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा

# मोदी राज में हर क्षेत्र का विकास आत्मनिर्भर बन रहा देश: सीएम

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के प्रचार रण में उतरे। उन्होंने बाड़मेर के आदर्श स्टेडियम में पीएम नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में भाजपा प्रत्याशी कैलाश चौधरी के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक में देश में स्वास्थ्य, सड़क, आधारभूत ढ़ांचे से लेकर रक्षा एवं विज्ञान के क्षेत्र में अतुलनीय विकास हुआ है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में देश में 15 नए एम्स की स्थापना के साथ ही 300 नए मेडिकल कॉलेज खोले गए है। इसमें से राजस्थान में 23 नए मेडिकल कॉलेज स्थापित किए गए। रक्षा के क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर देश बनता जा रहा है एवं रक्षा उपकरणों का उत्पादन अब भारत में ही होने लगा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री हर वर्ग की समस्या के समाधान के लिए तत्पर रहते है। शिल्पकारों, कारीगरों एवं ओबीसी जातियों को संबल प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना शुरू की है। आधारभूत ढ़ांचे के विकास के आधार पर सीमावर्ती क्षेत्रों में



### विजय शंखनाद रैली को किया संबोधित

मुख्यमंत्री शर्मा ने श्रीगंगानगर के सूरतगढ़ में भाजपा प्रत्याशी प्रियंका बैलान के समर्थन में विजय शंखनाद रैली को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 से पहले देश भ्रष्टाचार के साये में डूबा हुआ था। आतंक के साये में लोग जीने को मजबूर थे। देश तुष्टीकरण के आधार पर चल रहा था। सबसे अधिक शासन करने वाली कांग्रेस पार्टी ने गरीब और किसान से कोई नाता नहीं रखा। 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब कल्याण की योजनाएं चलाई, गरीब कल्याण का कार्य किया, देश की सीमाओं को सुरक्षित बनाया। प्रधानमंत्री मोदी जी ने दुनिया में देश का नाम रोशन किया। देश में 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाया गया हैं। पीएम मोदी ने ने गरीबों के बैकों में खाते खुलवाकर उनको मिलने वाली सुविधाएं सीधे उनके खाते में पहुंचाई।

भी बिजली, सड़क की सुविधा उपलब्ध हो रही है। सीएम शर्मा ने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार ने 90 दिन के अल्प समय में संकल्प पत्र के 45 प्रतिशत वादे पूरे कर लिए है। पीएम मोदी ने राजस्थान की पानी की समस्या को गंभीरता से लिया है।

### पेपरलीक माफिया पर की सख्त कार्रवाई

उन्होंने कहा कि प्रदेश में युवाओं के सपनों के साथ खिलवाड़ वाले पेपर लीक माफियाओं के खिलाफ हमने सख्त कार्रवाई की है। प्रदेश में अपराध पर लगाम लगाने के लिए एंटी गैंगस्टर्स टास्क फोर्स का गठन किया। किसान का सम्मान करते हुए हमारी सरकार ने किसान सम्मान निधि 6 हजार से बढ़ाकर 8 हजार रुपए की। गेहूं की खरीद पर 125 रुपए का अतिरिक्त बोनस देकर 2400 रुपए प्रति क्विंटल एमएसपी निर्धारित की है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन को 150 रुपए बढ़ाकर 1150 रुपए किया। पेट्रोल व डीजल पर वैट कम करके कीमतों की विसंगतियों का दूर किया। सीएम शर्मा ने अबकी बार 400 पार का नारा देते हुए कहा कि श्रीगंगानगर लोकसभा प्रत्याशी प्रियंका बैलान को अधिक से अधिक मतों से विजयी बनाने की अपील की। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं आमजन मौजूद रहे।

---

### शांतिपूर्ण चुनाव की कवायद

# राजस्थान में अब तक जब्त किए 1185 अवैध हथियार, एजेंसियां सतर्क



**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान में लोकसभा चुनाव आचार संहिता लगने के साथ ही पुलिस समेत अन्य एजेंसियां सतर्क हो गई। इसका अंदाजा इसी बात ये लगाया जा सकता है कि चुनाव आचार संहिता लगने के बाद पूरे प्रदेशभर में 1185 अवैध हथियार अब तक अलग-अलग कार्रवाई में पकड़े जा चुके है। इन हथियारों के अलावा 7 बम भी अलग से जब्त किए गए है।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त प्रवीण गुप्ता ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के बाद 16 मार्च से प्रदेश में राजस्थान पुलिस और दूसरी सुरक्षा एजेंसियों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए, ताकि चुनाव शांतिपूर्ण हो सके। इस निर्देश के बाद अलग-अलग एजेंसियों की टीमों ने अवैध हथियारों और उनमें लिप्त लोगों को पकड़ने के लिए काम शुरू किया। गुप्ता ने बताया कि 16 मार्च से अब तक 1,185 अवैध हथियारों को पकड़ा है। इसके अलावा 2,303 कारतूस, 4,129 किलोग्राम विस्फोटक पदार्थ और 7 आईईडी (बम) जब्त किए हैं। इसके अलावा आचार संहिता लगने के साथ ही उन लोगों को भी अपने-अपने हथियार जमा करवाने के लिए कहा गया, जो सरकार से लाइसेंस लेकर अपने पास हथियार रखते है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कुल 1,62,777 लाइसेंस जारी है, जिनमें से 1,55,373 लाइसेंसधारियों ने अपने-अपने हथियार संबंधित एरिया के पुलिस थानों में जमा करवाए हैं। गुप्ता ने बताया कि चुनावों में किसी तरह की गड़बड़ी या उपद्रव या कोई घटना न हो इसके लिए पुलिस और दूसरी एजेंसियों ने बड़े स्तर पर इनपुट जुटाया है। पुलिस ने अलग-अलग लोकसभा क्षेत्रों में कुल 1,400 बस्तियों को संवेदनशील आबादी और 4,322 व्यक्तियों को गड़बड़ी फैलाने वाले संदिग्ध लोगों के रूप में चिह्नित किया है।

---

### विधायक शर्मा ने भाजपा प्रत्याशी के लिए मांगे वोट

# BJP की जीत देश की सुरक्षा की गारंटी

**बेधड़क** | जयपुर

सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने शुक्रवार को बनीपार्क और सिविल लाइंस मंडल में घर-घर जनसंपर्क किया और जयपुर शहर से भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा के लिए वोट मांगे। इस बीच उन्होंने शांति नगर और सिविल लाइंस मंडल के चुनाव कार्यालयों का उद्घाटन भी किया।

कार्यक्रम में विधायक शर्मा ने कहा कि भाजपा की जीत देशी की सुरक्षा की गारंटी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की सुरक्षा पहले से काफी अधिक मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने दूसरे कार्यकाल में विकसित भारत की नींव रख दी



है और तीसरे कार्यकाल में इसको आगे बढ़ाने के लिए फिर एक बार केंद्र में मोदी सरकार बनाना जरूरी है।

इसके लिए हम सबको मिलकर जयपुर शहर से भाजपा लोकसभा प्रत्याशी मंजू शर्मा दीदी को कम से कम 7 लाख वोट से जीता कर संसद में भेजना है। विधायक शर्मा ने कहा कि जयपुर से मंजू दीदी की जीत ही दिल्ली में नरेंद्र मोदी की जीत है। जनसंपर्क के दौरान स्थानीय लोगों ने जोशीले नारों के साथ विधायक का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। लोगों ने विश्वास जताया कि सिविल लाइंस क्षेत्र से मंजू दीदी भारी मतों से जीत दर्ज करेंगी।

---

### भाजपा प्रत्याशी ओम बिरला ने बोला जुबानी हमला

# वर्षों तक झूठ फैलाकर वोट लेती रही कांग्रेस

**बेधड़क** | जयपुर

कोटा-बूंदी लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी और लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने शुक्रवार को जिले की पीपल्दा विधानसभा क्षेत्र में चुनावी प्रचार किया। इस दौरान बिरला ने कांग्रेस पर जमकर हमला किया। उन्होंने यहां तक कह दिया कि कांग्रेस झूठ के आधार पर सालों से लोगों के वोट लेती रही है।

बिरला ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस नारे लगाती थी। इन नारों व झूठी अफवाहों के आधार पर लोगों के वर्षों तक वोट लेती रही। कभी नारा लगती थी गरीबी हटाने का, लेकिन




वे गरीबी को हटाने के लिए कौनसी योजना लेकर आए।

प्रधानमंत्री मोदी की योजना देखो या एक तरफ कांग्रेस के नेता की योजना देखिए। कांग्रेस ने 40 साल में ऐसा कोई काम नहीं किया, जिससे गरीब के जीवन को बदला जा सके। प्रधानमंत्री मोदी ने गरीबों के जीवन को बदलने के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम किया है। महिलाओं के लिए शौचालय, मकान, गैस, पानी और फिर बिजली के बाद अब राशन की व्यवस्था की, ताकि सामान्य गरीब व्यक्ति आसानी से जीवन ज्ञापन कर सके।

बिरला ने कहा कि प्रधानमंत्री ने कृषि क्षेत्र में रिफॉर्म, ट्रांसफॉर्म और परफॉर्म का मंत्र अपनाते हुए विकास को गति देने का काम किया है। किसानों को आर्थिक रूप से सम्बल देने के लिए पीएम किसान सम्मान निधि योजना शुरू की, जिसके तहत अब किसानों को 8 हजार रुपए सीधे खाते में प्राप्त हो रहे हैं। कृषि में उत्पादकता बढ़ाने और लागत कम करने के साथ ही कृषि जींस को उचित मूल्य दिलाने के लिए भी प्रयास कर रही है।

---

### विधायक गोठवाल मीडिया से हुए रू-ब-रू

# सरकार ने दी राहत, पेयजल के लिए अतिरिक्त फंड

■ **पूर्व कांग्रेस सरकार पर जल योजनाओं में घोटाले का लगाया आरोप**

**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं विधायक जितेंद्र गोठवाल ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि प्रदेश में गर्मी के मौसम के दौरान पेयजल किल्लत को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रत्येक जिले में विधानसभा स्तर पर बजट आवंटित किया है। प्रदेश में पानी की समस्या से निजात के लिए भाजपा सरकार ने इस अतिरिक्त फंड को जारी किया है। इससे प्रदेश की जनता को पाने



निश्चित रूप से राहत मिलेगी और पेयजल समस्या दूर होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पिछली सरकार के समय पानी पर जमकर भ्रष्टाचार किया गया। हालात इतने बदतर थे कि पेयजल किल्लत को दूर करने के लिए धरातल पर कोई काम नहीं हुआ। जबकि पिछली सरकार ने कागजों के अंदर ही पानी की व्यवस्था कर रखी थी, फिर चाहे मौके पर टैंकर पहुंचाने की बात हो या फिर बोरिंग करने की बात हो। सब कागजों में ही चल रहा था।

### भ्रष्टाचारियों पर कसी जा रही नकेल

भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं विधायक जितेंद्र गोठवाल ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की भजनलाल सरकार आने के बाद भ्रष्टाचारियों के खिलाफ नकेल कसना शुरू किया तो पानी को लेकर चल रहा भ्रष्टाचार का खेल सामने आया। उन्होंने कहा कि टैंकर से पेयजल आपूर्ति के नाम पर प्रदेश में रसूखदार लोगों द्वारा टैंकर के नाम पर फर्जी बिल उठाए जा रहे थे। लोगों की प्यास बुझाने के नाम पर कांग्रेस ने बड़ा घोटाला किया। फर्जी नाम से बिल पास कराए गए। गोठवाल ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने आमजनता के कामों को प्राथमिकता नहीं देकर भ्रष्टाचार को आगे बढ़ाया। अब प्रदेश की भजन लाल सरकार भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रही है।

### वीसीआर भरने में भी मिलता था कमीशन

विधायक जितेंद्र गोठवाल ने कहा कि पिछली गहलोत सरकार में कांग्रेस नेताओं ने अधिकारियों को किसानों और आमजन पर वीसीआर भरने के निर्देश दिए थे। इसमें कांग्रेस नेताओं को कमीशन तक मिलता था, लेकिन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि वीसीआर भरने के नाम पर बेवजह किसानों और आमजन को परेशान ना किया जाए। किसानों को वीसीआर के नाम पर परेशान करने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं बजरी के अवैध खनन को रोकने के लिए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए है।

---

# 'आओ बूथ चलें अभियान' बांटी मतदान पर्चियां

**जयपुर।** लोकसभा आम चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान के लिए निर्वाचन विभाग ने प्रथम चरण में मतदान वाले 12 लोकसभा क्षेत्रों के सभी मतदान केन्द्रों पर मतदाता पर्ची एवं मार्गदर्शिका का वितरण जारी है। रविवार को शुरू हुए अभियान के तहत शुक्रवार दोपहर तक 1.96 करोड़ मतदाता पर्चियां बांटी गई, जो प्रथम चरण के लिए पर्ची वितरण के लक्ष्य 2.52 करोड़ मतदाताओं का 79.066 प्रतिशत है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में 'आओ बूथ चलें अभियान' के तहत राजस्थान के 5.32 करोड़ मतदाताओं में से प्रत्येक तक व्यक्तिगत रूप से पहुंचकर वोटर स्लिप और गाइड देकर मतदान के लिए मनुहार की जा रही है। इस अभियान में मतदाता उत्साह से भागीदारी कर रहे हैं। अभियान में अब तक 1.96 करोड़ मतदाताओं को पर्चियां वितरित की गई हैं। साथ ही, इस दौरान लगभग 48.83 लाख वोटर गाइड भी बांटी गई हैं। गुप्ता के अनुसार, पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं में वोटर स्लिप-गाइड को लेकर खासा उत्साह है। अभियान के दौरान मतदान बूथ के साथ-साथ मतदाताओं के घर-घर जाकर भी मतदाता पर्चियों और मार्गदर्शिका का वितरण किया जा रहा है।

**नवरात्रि**

## पंचम देवी मां स्कंदमाता



मां स्कंदमाता की चार भुजाएं हैं। देवी दो हाथों में कमल, एक हाथ में कार्तिकेय और एक हाथ से अभय मुद्रा धारण की हुईं हैं। कमल पर विराजमान होने के कारण देवी का एक नाम पद्मासना भी है। माता की पूजा से भक्तों को सुख और ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है। देवी की सच्चे मन से पूजा करने पर मोक्ष की भी प्राप्ति होती है। देवी के इस रूप को अग्नि देवी के रूप में भी पूजा जाता है। जैसा की मां ममता की प्रतीक हैं, इसलिए वे भक्तों को प्रेम से आशीर्वाद देती हैं। **देवी स्कंदमाता का प्रिय पुष्प** : पीले फूल। **देवी स्कंदमाता का नैवेद्य** : केला।

## 1100 से ज्यादा अवैध हथियार पकड़े, 7 बम जब्त

**जयपुर।** प्रदेश में आचार संहिता लगने के बाद से अब तक पुलिस और अन्य एजेंसियां अलग-अलग कार्रवाई में अब तक 1185 अवैध हथियार पकड़ चुकी है। इन हथियारों के अलावा 7 आईईडी (बम) भी अलग से जब्त किए जा चुके हैं। इसके अलावा 4 हजार से ज्यादा संदिग्ध व्यक्ति रडार पर हैं। दरअसल, राजस्थान में लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने के साथ ही पुलिस समेत अन्य एजेंसियां सतर्क हो गई थीं। इस जखीरे का पकड़ा जाना इसी कार्रवाई का नतीजा है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त प्रवीण गुप्ता ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के बाद 16 मार्च से प्रदेश में राजस्थान पुलिस और दूसरी सुरक्षा एजेंसियों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए थे, ताकि चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से करवाए जा सकें। इस निर्देश के बाद टीमों ने कार्रवाई करनी शुरू की।


**सच बेधड़क**
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।


**गणगौर फेस्टिवल का समापन:** त्रिपोलिया गेट से तालकटोरा पहुंची माता की सवारी

# चांदी की पालकी में राजसी ठाठ-बाट से निकली बूढ़ी गणगौर

**बेधड़क** | जयपुर

गणगौर के दूसरे दिन शाही सुरक्षा में शुक्रवार को बूढ़ी गणगौर की सवारी राजसी ठाठ बाट के साथ निकाली गई। इस दौरान देश-विदेश से लोग माता की सवारी देखने के लिए जयपुर पहुंचे। दरअसल, गणगौर के अगले दिन बूढ़ी गणगौर की सवारी निकाली जाती है। इसके साथ ही गणगौर फेस्टिवल का समापन हो गया। जनानी ड्योढ़ी से बूढ़ी गणगौर की शाही सवारी चांदी की पालकी में निकली जो त्रिपोलिया गेट से निकलकर त्रिपोलिया बाजार, छोटी चौपड़, गणगौरी बाजार होते हुए तालकटोरा पहुंची। सवारी की सुरक्षा में शाही गार्ड तैनात रहे। साथ ही कलाकार कालबेलिया, कच्छी घोड़ी, चकरी, गेर जैसे फोक डांस करते हुए नजर आए।



फोटो: पंकज शर्मा



**बैठक:** अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा- लू एवं गर्मी जनित बीमारियों से बचाव के लिए हर जिले का बनेगा एक्शन प्लान

# हीटवेव पर अलर्ट, आमजन को बचाने उतरेंगी रेपिड रेस्पॉन्स टीम

**बेधड़क** | जयपुर


भारत सरकार की ओर से इस वर्ष गर्मी एवं लू का प्रभाव अत्यधिक रहने का अलर्ट जारी होने के बाद चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने प्रदेश में आमजन को गर्मी एवं लू जनित बीमारियों से बचाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। अतिरिक्त मुख्य सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शुभ्रा सिंह ने इस संबंध में शुक्रवार को आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक में चिकित्सा विभाग को अलर्ट मोड पर रहने एवं सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

एसीएस सिंह ने कहा कि भारत सरकार की ओर से जारी अलर्ट के अनुसार राजस्थान को गर्मी एवं लू से सर्वाधिक प्रभावित प्रदेशों के श्रेणी में माना गया है। प्रदेश में अप्रेल से जून माह के बीच गर्मी एवं हीटवेव का अत्यधिक प्रकोप रहने की संभावना व्यक्त की गई है। इसको ध्यान में रखते हुए आमजन को हीटवेव संबंधी बीमारियों से बचाने एवं उपचार के लिए सभी पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं।



### उपचार के लिए बनाएं प्रभावी प्रोटोकॉल

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि हर जिले का हीट एक्शन प्लान बनाया जाए। साथ ही, रेपिड रेस्पॉन्स टीमों का गठन किया जाए। तेज गर्मी एवं लू के कारण होने वाली बीमारियों की जांच, दवा एवं उपचार का एक प्रभावी प्रोटोकॉल तैयार किया जाए। साथ ही अस्पतालों में जांच, दवा एवं उपचार के लिए सभी प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। जिला औषधि भण्डार गृहों एवं अस्पतालों में दवाओं एवं जांच किट्स का पर्याप्त स्टॉक रहे।




### आज वीसी, 18 को स्टेट टास्क फोर्स की बैठक

निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर ने बताया कि लू एवं गर्मी से संबंधित बीमारियों से बचाव एवं उपचार सहित अन्य तैयारियों के लिए अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को राज्य स्तरीय वीडियो कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी। साथ ही 18 अप्रैल को नेशनल प्रोग्राम फॉर क्लाइमेंट चेंज फॉर ह्यूमन हैल्थ के तहत गठित राज्य स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक भी आयोजित की जाएगी। बैठक में अतिरिक्त निदेशक, अस्पताल प्रशासन डॉ. सुशील कुमार परमार, एनपीसीसीएचएच के स्टेट नोडल ऑफिसर डॉ. आरएन मीणा, यूनिसेफ के डॉ. अनिल अग्रवाल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### सर्वाधिक प्रभावित वर्गों को चिह्नित कर करें जागरूक

एसीएस ने कहा कि लू एवं गर्मी से संबंधित बीमारियों से बचाव के लिए आमजन को जागरूक करना आवश्यक है। इसके लिए प्रदेशभर में व्यापक रूप से आईईसी गतिविधियां की जाएं। बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर बीमारियों से ग्रसित रोगियों सहित अन्य ऐसे वर्ग, जिन्हें हीटवेव से अत्यधिक खतरा है, उन्हें चिह्नित कर लू एवं गर्मी से बचने तथा जरूरी उपाय अपनाने के लिए जागरूक किया जाए। उन्होंने चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ एवं अन्य संबंधित पक्षों को आवश्यक प्रशिक्षण दिए जाने के भी निर्देश दिए।

**सुबह-सुबह सेंटल पार्क पहुंचे भजनलाल**

# CM ने लोगों के साथ चाय पर चर्चा में सुनीं समस्याएं



**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार सुबह करीब 6:30 बजे सेंट्रल पार्क पहुंचे। यहां पर उन्होंने स्थानीय लोगों के साथ मॉर्निंग वॉक की। इस दौरान उन्होंने लोगों के बीच बैठकर चाय की चुस्कियों के बीच लोगों की समस्याएं भी सुनीं। वॉक के दौरान लोग जय श्री राम और अबकी बार 400 पार के नारे लगाते हुए उनके साथ चल रहे थे। मुख्यमंत्री करीब 45 मिनट तक सेंट्रल पार्क में रहे।

उन्होंने लोगों की छोटी-छोटी समस्याओं के बारे में जाना। इसके बाद सीएम ने बीजेपी कार्यकर्ताओं और आम जनता के साथ चाय पर चर्चा भी की। सेंट्रल पार्क में लोगों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को अपनी समस्याएं बताई। भजनलाल शर्मा ने समस्याओं के समाधान का वादा किया। मॉर्निंग वॉक के बाद मुख्यमंत्री ने सेंट्रल पार्क स्थित मंदिर में दर्शन किए। उनके साथ प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी समेत बड़ी संख्या में बीजेपी के कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसके बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हर व्यक्ति की समस्या, वह भले ही हमें छोटी लगती हो। समस्या तो समस्या होती है। अगर छोटी समस्या का समाधान होता है। उसका सुकून बहुत अच्छा मिलता है। इसलिए जनता के माध्यम से मुझ तक जो भी समस्या आई है, उनका जल्द से जल्द समाधान होगा। बड़ी समस्याएं तो रहती ही हैं, छोटी समस्याएं भी इंसान को 24 घंटे दर्द देती है। अगर हमने वह दर्द ठीक कर दिया। उसके मन में बहुत सुकून रहेगा।

**एक दिन के रिमांड पर लिया**

# धोनी का पूर्व बिजनेस पार्टनर मिहिर गिरफ्तार




फोटो: फाइल

**बेधड़क** | जयपुर

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के पूर्व बिजनेस पार्टनर मिहिर दिवाकर को जयपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी मिहिर ने क्रिकेट एकेडमी की फ्रेंचाइजी देने का झांसा देकर जयपुर में एक युवक से 12 लाख रुपए ऐंठ लिए थे। मामले की जांच करते हुए जयपुर की करणी विहार थाना पुलिस ने मिहिर को नोएडा से पकड़ा है।

पुलिस ने गुरुवार दोपहर आरोपी को कोर्ट में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया है। SI रामपाल ने बताया- धोखाधड़ी के मामले में आरोपी मिहिर दिवाकर (41) पुत्र राघव सिंह को गिरफ्तार किया है। जो सेक्टर-119 नोएडा उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। मिहिर दिवाकर भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का बिजनेस पार्टनर रह चुका है। 15 अगस्त 2021 को महेन्द्र सिंह धोनी ने मिहिर दिवाकर और सौम्या दास की कंपनी अरका स्पोर्ट्स मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड से कॉन्टैक्ट खत्म कर लिया था। दरअसल, 4 मार्च 2023 को करणी विहार थाने में गंगा सागर स्कीम सिरसी रोड के रहने वाले जयदेव रोज ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज करवाया था।

शिकायत में बताया अरका स्पोर्टस मेनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक मिहिर दिवाकर, उनकी पत्नी सौम्या दास, कंपनी के अधिकारी रोहित जग्गी और अजय बोहरा ने उनके साथ धोखाधड़ी कर 12 लाख रुपए हड़प लिए है। आरोपियों ने क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी के नाम से एकेडमी के लिए फ्रेंचाइजी देने का झांसा देकर रुपए ऐंठ लिए। आरोपियों ने ना तो एकेडमी खुलवाई, ना रुपए वापस लौटाए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी मिहिर दिवाकर को नोएडा से दबिश देकर पकड़ा है। बता दें कि धोनी ने भी मिहिर पर केस कर रखा है।

**‘कांस्टेबल ऑफ दी मंथ’ अवॉर्ड**

# पांच पुलिसकर्मियों को मेहनत, लगन और समर्पण का इनाम

**बेधड़क** | जयपुर

पुलिस आयुक्तालय में शुक्रवार को पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ ने अभिनव पहल की करते हुए पुलिस आयुक्तालय के सभी जिलों एवं यातायात में उत्कृष्ट, सराहनीय, मेहनत, लगन एवं समर्पण से कार्य करने वाले पांच पुलिसकर्मियों को ‘कांस्टेबल ऑफ दी मंथ’ का अवॉर्ड दिया।

जोसफ ने बताया कि पुलिस आयुक्तालय में कार्यरत पुलिसकर्मियों का मनोबल बढ़ाने एवं अधिक रुचि से राजकार्य करने की प्रेरणा जागृत करने के लिए पुलिस आयुक्तालय के सभी जिले एवं यातायात के अच्छे कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों में से प्रत्येक माह एक-एक कांस्टेबल का चयन कर उन्हें कांस्टेबल ऑफ दी मंथ का पुरस्कार देने की शुरुआत की गई है। उन्होंने बताया कि यह पुरस्कार प्रतिमाह सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को दिया जाएगा, साथ ही अच्छा कार्य करने वाले कार्मिक को यह पुरस्कार एक से अधिक बार भी दिया जा सकेगा। बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि पुलिस का ध्येय वाक्य आमजन में विश्वास-अपराधियों में भय की भावना जनता में साकार हो इसके लिए जयपुर पुलिस लगातार प्रयासरत है। बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि कांस्टेबल ऑफ दी मंथ के इस पुरस्कार से पुलिसकर्मियों के मनोबल में बढोतरी होने के साथ-साथ इससे पुलिसकर्मी बेहतर और सराहनीय कार्य करने के लिए प्रेरित होंगे।

### इसलिए पुलिसकर्मियों को सम्मान

जोसफ ने बताया कि मार्च माह 2024 के कांस्टेबलऑफ दी मंथ का पुरस्कार इरफान अली कानि. 2905 पुलिस थाना ज्योतिनगर (दक्षिण) के द्वारा कानून व्यवस्था, आईपीएल मैच व वीवीआईपी ड्यूटी के दौरान लोगों के साथ अच्छा व्यवहार एवं सहनशीलता से कार्य करने के लिए, देवेन्द्र कुमार कानि. 9111 पुलिस थाना वैशालीनगर (पश्चिम) के द्वारा मार्च माह में 26 स्थाई वारंटीयों का निस्तारण एवं सराहनीय कार्य करने के लिए, नीरज कानि. 11204 डीएसटी जिला पूर्व के द्वारा आसूचना संकलन कर आबकारी व एनडीपीएस अधिनियम के तहत कई सराहनीय कार्रवाई की गई। कुलदीप यादव कानि. 7004 पुलिस थाना भट्टाबस्ती (उत्तर) के द्वारा अज्ञात मुल्जिमों की गिरफ्तारी व भट्टबस्ती क्षेत्र में मंदिर परिसर में हाल ही में मीट के टुकड़े फेंकने वाले आरोपियों की शिनाख्त करवाने में अहम भूमिका रही एवं विकास कुमार कानि. 4180 यातायात शाखा पूर्व के द्वारा यातायात के सुगम संचालन एवं वीवीआईपी, वीआईपी रूट लाइनिंग एवं ड्यूटी के दौरान बुजुर्गों की सेवा करते हुए मानवता का भी का परिचय देते हुए कार्य करने के लिए प्रमाण पत्र, स्मृति चिह्न एवं नगद पुरस्कार देकर समानित किया।



### समारोह में ये रहे मौजूद

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रथम कैलाश चन्द विश्नोई, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त यातायात एवं प्रशासन प्रीति चन्द्रा, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त द्वितीय कुंवर राष्ट्रदीप, पुलिस उपायुक्त पश्चिम अमित कुमार, उत्तर राषि डोगरा उपस्थित थे।

## जरूरी खबर

### प्रियंका गांधी अलवर में करेंगी रोड शो



**अलवर**। कांग्रेस प्रत्याशी ललित यादव के समर्थन में पार्टी की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी 15 अप्रैल को अलवर में रोड शो करेंगी। कांग्रेस को अलवर सीट जीतने के लिए काफी ताकत लगानी पड़ रही है। यहां पर पिछले करीब 4 बार से बीजेपी ही जीत रही है। इस बार बीजेपी ने यहां से केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव को अपना प्रत्याशी बनाया है। ऐसे में दोनों पार्टियों से एक ही समाज का प्रत्याशी होने से वोट भी बंटेंगे।

### नाना-नानी और नवासे को ट्रक ने कुचला... मौत

**अलवर**। अलवर में तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार परिवार को कुचल दिया। इनमें से दंपती की मौके पर मौत हो गई और एक बच्चे ने हॉस्पिटल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। बाइक पर 4 सदस्य सवार थे। पुलिस के अनुसार हादसा बगड़ तिराहे के पास हुआ। मृतकों में फिरोजपुर झिरका (हरियाणा) निवासी आस मोहम्मद (67), उसकी पत्नी हमीदन (65), इनका नवासा अलफैज (12) गांव बनैनी, सीकरी जिला डीग शामिल हैं। वहीं अरमान (6) पुत्र जुनैद निवासी बनैनी गांव का इलाज अलवर में चल रहा है। मामले में अभी किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। हादसे के बाद चालक फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है।

### हर्षोल्लास से मनाएंगे बाबा साहेब की जयंती



**चाकसू**। कस्बे में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती व महात्मा ज्योतिबा फुले की 197 जयंती 14 अप्रैल को धूमधाम से मनाई जाएगी। इस मौके पर दोनों महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण, प्रभात फेरी, बाइक रैली और सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा। आयोजक समिति ने बताया कि सांस्कृतिक संध्या वार्ड 17 स्थित महाराणा प्रताप पार्क में शाम 7 से रात्रि 11 बजे तक होगा। इसमें सुप्रसिद्ध कलाकार साजन राणा, ममता सपेरा व रानी सपेरा एंड पार्टी की ओर से प्रस्तुतियां दी जाएंगी। वहीं बाबा साहेब व महात्मा ज्योतिबा के जीवन दर्शन पर व्याख्यान एवं प्रश्नोतरी कार्यक्रम, झांकी दर्शन, आतिशबाजी एवं मिठाई वितरण को लेकर तैयारियां पर चर्चा की गई।

**मतदाता जगरूकता: समन्वयक के साथ सभी विभागों के अधिकारी बने बाराती, बैंडबाजे के साथ नाचे ट्रांसजेंडर**

# स्वीप वोट बारात निकाली, दूल्हे ने दिया मतदान का संदेश

**बेधड़क** | भरतपुर

लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए बैंडवाजे के साथ बारात निकाली गई। इसमें स्वीप कार्यक्रम के समन्वयक ओमप्रकाश खुटेला को दूल्हा बनाया गया।

दुल्हे को शेरवानी पहना कर घोड़ी पर बैठाया गया। इस बारात में जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बारात कुम्हेर गेट चौराहे शुरू होकर बिजली घर पहुंचकर संपन्न हुई। स्वीप कार्यक्रम के समन्वयक ओमप्रकाश खुटेला ने बताया कि स्वीप वोट बारात शहर के कुम्हेर गेट से होकर बिजलीघर के चौराहे तक निकाली गई। बारात में सभी विभागों के जिला स्तर के अधिकारी मौजूद थे। एनसीसी, एनएसएस, आंगनवाड़ी, जलदाय, ईएलसी प्रभारी के साथ ही स्थानीय टीचर स्वीप वोट बारात में शामिल हुए। रैली में करीब सात सौ लोग मौजूद रहे। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए बारात में लोकगीत गाए गए। लोकसभा का चुनाव 19 अप्रैल को होना है। उसमें अधिक से अधिक से मतदान हो निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन 75 प्रतिशत से ऊपर मतदान करवाने की है। लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने के लिए स्वीप वोट बारात निकाली गई। इन दौरान बाजारों में पम्पलेट बांटे गए। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए बाजारों और वाहनों पर स्टीगर लगाए गए। ट्रांसजेंडर्स ने बारात में गीत गाए और नाचे। स्वीप वोट बारात देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी।



### बयाना: 'सबरे जरूर वोट डारबे जइयो'

निर्वाचन विभाग की ओर से स्वीप कार्यक्रम के तहत शुक्रवार शाम बयाना कस्बे में वोट बारात निकाली गई। ढोल-नगाड़ों के साथ शहर के प्रमुख मार्गों से होकर निकाली इस वोट बारात में घोड़ी पर बैठकर दूल्हा भी निकला। बारात में शामिल कर्मचारी और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मतदाता जागरूकता संबंधी नारे लगाते हुए चले। 'सबरे जरूर वोट डारबे जइयो' की थीम पर निकली इस अनूठी वोट बारात को देखने के लिए बाजार में लोगों की भीड़ लग गई। एसडीएम कार्यालय पर नोडल प्रिंसिपल श्रीधर सिंह गुर्जर ने हरी झंडी दिखाकर वोट बारात को रवाना किया। वोट बारात का कस्बे के बाजारों में लोगों ने जगह-जगह जलपान कराकर स्वागत भी किया। इस दौरान सीडीपीओ जितेंद्र जिंदल, स्वीप कार्यक्रम प्रभारी जगमोहन रावत, हरिराम गुर्जर, भरत खटाना, विश्वेंद्र शर्मा, महेंद्र शर्मा, नीलू फौजदार, युवराज सिंह, भावना गोयल, धर्मेंद्र शर्मा आदि कई कर्मचारी मौजूद रहे।

### कार्यशाला में दिए निर्देश

इससे पहले दिन में स्वीप गतिविधि के तहत सहायक निर्वाचन अधिकारी एसडीएम राजीव शर्मा की अध्यक्षता में पंचायत समिति सभागार में 21 प्लस विभागों के अधिकारियों की कार्यशाला भी हुई। जिसमे वोटर हेल्पलाइन एप, सी विजिल एप आदि के बारे में मतदाताओं को जानकारी देने के निर्देश दिए गए। इस बैठक में सीबीईओ रामलखन खटाना, अतिरिक्त विकास अधिकारी शिवसिंह, श्याम सिंह धाकड़, योगेंद्र तिवारी, देवेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

**मालाखेड़ा में कांग्रेस प्रत्याशी की सभा में साधा निशाना**

# BJP के बड़े नेताओं को सलटाने का काम कर रहे मोदी: डोटासरा

**बेधड़क** | अलवर

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने शुक्रवार को भाजपा नेताओं पर व्यंग्यात्मक लहजे में निशाना साधा। डोटासरा मालाखेड़ा में कांग्रेस प्रत्याशी ललित यादव के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा पीएम मोदी से लेकर सीएम भजनलाल, वसुंधरा राजे और बाबा बालकनाथ पर जमकर व्यंग्य किया।

उन्होंने प्रदेश सरकार पर चुटकी लेते हुए कहा कि चुनाव के बाद सीएम भजनलाल की कुर्सी तो जाने वाली है। डोटासरा ने कहा कि मोदी बड़े नेताओं को निपटाने में लगे हैं। अलवर के सांसद रहे बाबा बालकनाथ को एमएलए बनाकर छोड़ दिया। उनको अब आगे एमएलए लायक भी नहीं छोड़ेंगे। अब चुनाव में बीजेपी प्रत्याशी भूपेंद्र यादव को सलटाने के लिए यहां भेजा है। उन्होंने कहा कि देखिए पर्ची सरकार कैसे बनी। सब विधायकों को बुला लिया। दिल्ली से राजनाथ सिंह आए। वसुंधरा राजे को पर्ची दी। वसुंधरा राजे ने पर्ची देखी और उनकी हवाई उड़ गई। राजनाथ सिंह की तरफ देखा भी नहीं। एक ने भी ताली नहीं बजाई। तब राजनाथ ने कहा कि कोई और नाम थोड़े ही आएगा, ताली तो बजा दो। डोटासरा ने कहा कि बाइक और स्कूटर वाले को हेलिकॉप्टर दे दिया। अब मुख्यमंत्री घूम-घूमकर तीन काम करते हैं। हर जगह जाकर कहते हैं ईआरसीपी लागू कर दी। इधर, आठवीं व दसवीं का पेपर आउट होने लग गया। ईआरसीपी का एमओयू सीएम के पास नहीं है, वो झूठ बोल रहे हैं। इस ईआरसीपी से 13 जिलों को पानी नहीं मिलने वाला है।



### जल्दी-जल्दी काम करो, कुर्सी जाने वाली है

डोटासरा ने कहा कि सीएम पेपर लीक मामले में कहते हैं कि हम धीरे-धीरे पेपर लीक से जुड़े बड़े लोगों की तरफ बढ़ रहे हैं। मैंने कहा कि जल्दी-जल्दी काम करो। लोकसभा के बाद कुर्सी जाने वाली है। मुख्यमंत्री को चुनौती देते हुए उन्होंने कहा कि आ जाइए ये डोटासरा खड़ा है। जो जहर खाएगा वही मरेगा। इनकी जबान फिसल रही है। कहते हैं 2025 में 25 की 25 सीट आ गई। अरे भई अभी तो 2024 के चुनाव चल रहे हैं। डोटासरा ने वाकिया सुनाते हुए कहा कि एक दिन मैं भरतपुर में था। उस दिन सीएम अजमेर में थे। आईएएस व आरएएस के तबादले की लिस्ट निकली थी। सीएम के सीएस ने कहा कि आईएएस व आरएएस की लिस्ट निकली है। तब सीएम ने सीएस से पूछा कि अपने भी लोगों के नाम हैं या नहीं। इसलिए कहते हैं पर्ची के बने हुए मुख्यमंत्री दिल्ली के आदेश को ही मानते हैं।

### अबकी बार राजस्थान में बोलेंगे मोरिया

डोटासरा ने कहा कि अबकी बार राजस्थान में मोरिया बोलेंगे। भाजपा प्रत्याशी भूपेंद्र यादव को यहां मोदी ने सलटाने के लिए भेजा है। जैसे पहले बाबाजी को सलटा दिया। 8 लोकसभा सीट वाले एमपी को एमएलए बना दिया और अगली बार एमएलए भी नहीं रहने देंगे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र बचाने के लिए कांग्रेस पार्टी व इंडिया गठबंधन को जिताओ, वरना ये आरक्षण भी खत्म करेंगे और आगे चुनाव भी नहीं होंगे। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली बने हैं। हमारी इज्जत का सवाल है कि ललित यादव को एमपी बनाओ।

**लोहावट की सभा में बोले शेखावत**

# प्रदेश को दिया सबसे ज्यादा बजट, कांग्रेस ने नहीं किया काम



**बेधड़क** | जोधपुर

केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने शुक्रवार को लोहावट क्षेत्र में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैंने जलशक्ति मंत्री होते हुए सर्वाधिक बजट राजस्थान को दिया, लेकिन गहलोत सरकार ने काम नहीं किया। अब मेरे सामने चुनाव लड़ने वाले कह रहे हैं कि अपनी जनता के लिए मुझे गहलोत सरकार के लोगों के हाथ-पांव जोड़कर काम करवाना चाहिए था। मैं ऐसा कर लेता, लेकिन गहलोत सरकार आपके प्यासे कंठों पर राजनीति कर रही थी।

उन्होंने कहा कि मेरे सामने चुनाव लड़ने वाले को किसी ने पूछा कि गजेंद्र सिंह शेखावत कह रहे हैं कि पानी का काम अशोक गहलोत ने रोका, तो उन्होंने कहा कि यह उनकी समस्या थी। वो सरकार के हाथ-पांव जोड़ते। इस पर पलटवार करते हुए शेखावत ने कहा कि अगर आप लोगों के भले के लिए सरकार के पांव पकड़ने पड़ते, तो मैं वो भी पकड़ लेता। अपना सर कटवा लेता, लेकिन सरकार काम नहीं कर रही थी। उनके मन में पाप था। शेखावत ने कहा कि मैंने हर घर में पानी पहुंचाने के लिए सबसे ज्यादा बजट राजस्थान सरकार को दिया। लेकिन गहलोत सरकार ने सिर्फ 6000 करोड़ रुपए खर्च किए। ऐसा इसलिए किया, अगर यह काम पूरा हो जाता, तो हर घर की मां मोदी को याद रखती। 50 साल तक भाजपा को वोट देते। इसलिए कांग्रेस सरकार ने काम नहीं होने दिया। मैंने किसी को आपस में नहीं लड़ाया। उन्होंने कहा कि 10 साल से आप लोगों ने मेरा समर्थन किया है। मुझसे जितना हो सका, सभी का काम किया। मैंने किसी जाति या समाज को आपस में लड़ाने का काम नहीं किया। कोई भी उलहाना मेरे खाते में नहीं है। मैंने कभी दुर्भावना से काम नहीं किया। हमेशा आपका सहयोग मिला है।

**नकली होने की आशंका, जांच के लिए भेजे सेंपल**

# 5 लाख का नकली घी सीज किया

**बेधड़क** | दौसा

लोकसभा चुनावों को लेकर की जा रही नाकाबंदी के दौरान एसएसटी टीम ने गुरुवार देर रात नकली घी की आशंका से 85 घी के पीपे जब्त किए, जिसकी कीमत करीब 5 लाख रुपए से ज्यादा आंकी गई है।

जब्त घी को खाद्य सुरक्षा टीम की मौजूदगी में सीज किया गया। साथ ही घी का सैंपल लेकर लैब में जांच के लिए भेजा गया है। हालांकि सीज किए गए घी के असली या नकली होने के बारे में जांच रिपोर्ट आने के बाद ही पुष्टि हो पाएगी। दरअसल लोकसभा चुनाव के मद्देनजर दौसा जिले के मेहंदीपुर बालाजी थाना क्षेत्र में एसएसटी टीम द्वारा की जा रही नाकाबंदी के दौरान यह कार्रवाई की गई। बालाजी थाने के एएसआई शीशराम आर्य ने बताया कि नाकाबंदी के दौरान जांच करने पर एक कार में भारी मात्रा में घी मिला।



घी के पीपों पर किसी कंपनी का लोगो नहीं होने से घी के नकली होने का संदेह हुआ। इसकी सूचना जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सीताराम मीना को दी गई। उन्होंने खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रकाशचंद सैनी को मौके पर भेजकर नकली घी के 85 पीपे बालाजी मोड़ पर ही संचालित घी की फैक्ट्री में सीज किए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी सैनी ने कहा कि चंद्रप्रकाश शर्मा नाम के व्यक्ति ने बालाजी मोड़ पर गणेश आईस फैक्ट्री के नाम से एक फर्म संचालित कर रखी है। ऐसे में फैक्ट्री से बिना किसी मार्का के घी को महवा में स्थित दाऊजी मिल्क फूड प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में भेजे जाने की बात भी सामने आ रही है। जांच में घी के नकली पाए जाने पर फैक्ट्री मालिक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**कार्यकर्ताओं ने जताया विरोध, अब पार्टी ने भी किया निष्कासित**

# BJP में शामिल नहीं हो सके कांग्रेसी पार्षद

**बेधड़क** | चित्तौड़गढ़

लोकसभा चुनाव से पहले रावतभाटा नगर पालिका के 6 कांग्रेस पार्षदों को कांग्रेस ने बाहर का रास्ता दिखा दिया है। पार्टी ने 6 पार्षदों के साथ पालिका उपाध्यक्ष के खिलाफ पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के कारण 6 साल के लिए निष्कासन की कार्रवाई की है।

कांग्रेस के जिला संगठन महासचिव महेन्द्र शर्मा ने बताया कि प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के निर्देश पर प्रदेश संगठन महासचिव ललित तुनवाल ने एक आदेश जारी किया। इस आदेश के तहत नगर पालिका के उपाध्यक्ष प्रकाश देवड़ा के साथ नगर पालिका रावतभाटा के पार्षद अनिल बलसोरी, दुर्गा देवी, अनिल शर्मा, मनीषा वर्मा, यास्मिन बी, आरती बलसोरी को अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया गया है। कांग्रेस के 6 पार्षद और पालिका उपाध्यक्ष प्रकाश देवड़ा को पिछले दिनों भाजपा प्रदेशाध्यक्ष और सांसद सीपी जोशी ने चित्तौड़गढ़ पंचायत समिति परिसर में भाजपा का दुपट्टा डालकर पार्टी में शामिल किया था। इसके बाद से ही रावतभाटा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने जमकर विरोध किया था। कार्यकर्ताओं का कहना था कि जिन लोगों ने कांग्रेस राज में भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई की। कई लोगों के मकान, दुकान आदि गिराने में भूमिका निभाई, ये लोग सत्ता की मलाई चाटने के लिए भाजपा में आ गए।




उन्होंने चेतावनी दी थी कि यदि इन्हें भाजपा में रखा गया, तो वे सभी सामूहिक इस्तीफा देंगे। इसके बाद आनन-फानन में जिलाध्यक्ष ने मिठुलाल जाट और जिला जॉइनिंग कमेटी के अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह रूद ने सफाई देते हुए पत्र जारी किया था कि इन लोगों को भाजपा में शामिल नहीं किया गया है। इन्हें शामिल करने पर विचार किया जा रहा है। तब जाकर रावतभाटा में भाजपा कार्यकर्ताओं का असंतोष शांत हो पाया।

**धमाकों से सहमे लोग घरों से बाहर भागे, लपटों से घिरी इमारत**


# गैस गौदाम के एसी में भीषण आग, सिलेंडर ब्लास्ट होकर सड़क तक गिरे

**बेधड़क** | अजमेर

जिले के विमला मार्केट स्थित तीन मंजिला बिल्डिंग में शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे आग लग गई। बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर पर एसी में गैस भरने का गोदाम है। गोदाम में रखे सिलेंडर में ब्लास्ट हो गए और उछल कर सड़क पर आ गिरे। धमाके सुनकर आस-पास रहने वाले लोग घबरा कर घरों से बाहर आ गए। करीब सात घंटे सिलेंडर में ब्लास्ट हुआ।

सूचना पर क्लॉक टावर व अलवर गेट थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची। अग्निशमन विभाग की 18, अजमेर की 13, पुष्कर, ब्यावर और केकड़ी से आई 5 दमकलें आग बुझाने में जुटी रही। इन 36 दमकलों ने शाम तक करीब सौ फेरे किए। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।





पुलिस ने बिल्डिंग के चारों तरफ की 100 से ज्यादा दुकानों को बंद करवा दिया। आस-पास के लोगों को बिल्डिंग से दूर कर दिया गया है। क्षेत्र की बिजली सप्लाई भी काट दी गई है। आस-पास की दुकानें भी आग की चपेट में आ गईं हैं अजमेर दक्षिण विधायक अनीता भदेल और अजमेर रेंज आईजी लता मनोज कुमार भी मौके पर पहुंचीं। अजमेर व्यापारिक महासंघ प्रतिनिधि रमेश लालवानी ने बताया कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को ज्ञापन भेजा है। इसमें जिस भी दुकानदार को नुकसान हुआ है, उसे एक करोड़ रुपए सहायता राशि देने की मांग की है। आईजी लता मनोज ने बताया कि बिल्डिंग में आग पर काबू पाने के लिए पूरे संसाधन लगाए गए।

बिल्डिंग के आस-पास सुरक्षा बढ़ाई गई, ताकि लोगों की आवाजाही न हो। आग लगने के कारण गैस में रखे कई सिलेंडरों में ब्लास्ट हो गया। धमाका इतना तेज था कि कई सिलेंडर सड़क पर आ गिरे।

### गोदाम के बाहर लगे एसी में उठी थी चिंगारियां

तीन मंजिला इमारत के निचले तल पर गैस के गोदाम के बाहर एसी लगातार चालू रहता है। एसी में आग लगने के कारण उससे निकली चिंगारियां गौदाम के भीतर तक पहुंच गई। गोदाम में चिंगारी से लगी आग गैस सिलेंडर ने पकड़ ली और धमाके होना शुरू हो गए। गैस के रिसाव से आग तेजी से फैल गई और तीसरी मंजिल तक पहुंच गई। हालात ये हो गए कि तीसरी मंजिल पर ड्रिलिंग मशीन से छेद करके धुएं को बाहर निकाला गया। विमला मार्केट में पीछे की तरफ लक्ष्मी मार्केट है। इसकी तीन दुकानों में आग लगी है। इस पूरी इमारत में 100 से ज्यादा दुकानें हैं। आग लगने के कारण इमारत के कुछ हिस्से को क्षति पहुंची। मौके पर सिविल डिफेंस की टीम भी दमकल कर्मियों के साथ आग पर काबू पाने में जुटी रही।

### सौ मीटर के क्षेत्र को खाली कराया

आग की सूचना मिलते ही जिला कलेक्टर डॉ भारती दीक्षित और पुलिस अधीक्षक देवेंद्र बिश्नोई मौके पर पहुंच गए। इनके अलावा समीप ही क्लॉक टावर थाना पुलिस और अलवर गेट थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घटनास्थल से करीब 100 मीटर तक के दायरे को खाली करवा दिया। हादसे को देखते हुए आस-पास की करीब 125 से ज्यादा दुकानों को बंद करवा दिया गया। आग लगने के कारण क्षेत्र में बिजली बंद कर करा दी गई।

### दमकलों के लिए बनाया रास्ता

मौके पर दमकल को पहुंचने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। क्षेत्र में अतिक्रमण के कारण दमकल मौके पर नहीं पहुंच पा रही थी, लिहाजा अतिक्रमण को हटवा कर दमकल मौके तक पहुचाई गई है। जिला कलेक्टर भारती दीक्षित ने कहा कि जेसीबी की मदद से नया रास्ता मौके तक दमकल को पहुंचाने के लिए बनाया गया। उन्होंने बताया कि बड़ी मात्रा में कपड़ों के गोदाम भी बिल्डिंग में है, जिसमें आग लगने के कारण बिल्डिंग में काफी धुंआ हो गया है।

### लगभग 3 करोड़ का नुकसान

एसी का गोदाम बिल्डिंग मालिक के बड़े भाई जयकिशन सांधवानी का ही था। गोदाम में बेकरी का रॉ-मैटेरियल भी पड़ा था। बिल्डिंग मालिक प्रकाश सांधवानी ने बताया कि आग लगने से करीब 3 करोड़ का नुकसान हुआ है। बिल्डिंग की बाकी दुकानों में हुआ नुकसान अलग है।

## राजस्थान विश्वविद्यालय के अंबेडकर अध्ययन केंद्र में 14 व 15 अप्रैल को डॉ. अंबेडकर पर आयोजित होगा सेमिनार

# अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में देश-विदेश के 250 वक्ता करेंगे शिरकत

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय के डॉ. अंबेडकर अध्ययन केंद्र की ओर से 14 एवं 15 अप्रैल को दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार 'डॉ. अंबेडकर समतावादी वैश्विक व्यवस्था के अग्रदूत' विषय पर विवि के सीनेट हॉल में किया जाएगा।

शुक्रवार को सेमिनार का पोस्टर विमोचन कुलपति प्रोफेसर अल्पना कटेजा की ओर से किया गया। इस अवसर पर सेमिनार की समन्वयक और डॉ. अंबेडकर अध्ययन केंद्र की निदेशक डॉ. सुमन मौर्य्र, सह समन्वयक डॉ. शालिनी चतुर्वेदी, डॉ. पालू जोशी, डॉ. संजय कुमार रुटा अध्यक्ष तथा डॉ. गोपेश शर्मा सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे। सेमिनार में कुल 6 सत्र होंगे। इसमें देश-विदेश से प्रबुद्ध मनीषी, विद्वान, प्रोफेसर, शोधार्थी आदि लगभग 250 वक्ताओं की सहभागिता रहेगी।

जो अपने शोध पत्र का वाचन करेंगे। संगोष्ठी की समन्वयक व डॉ. अंबेडकर अध्ययन केंद्र की निदेशक डॉ. सुमन मौर्य ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रख्यात विदेशी वक्ताओं में प्रोफेसर डॉ. अरोरा मार्टिन, रोमन ब्रूसीव स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ़ ईयर



इवेंट रोमानिया, डॉ. लंबा लंदन, पलियागुरु यूनिवर्सिटी ऑफ़ श्रीलंका, कर्म प्रिया मस्कट, यूनिवर्सिटी ऑफ़ स्टॉकहोम स्वीडन, मैत्रेयी, बाथ विश्वविद्यालय यूके, अनिरुद्ध, डिजिटल कंसलटेंट जापान, ह्याद्री, प्रोजेक्ट कंसलटेंट सिलीकान ओएसिस, दुबई, सजूलिका मृदा कुआलालंपुर, मलेशिया से ऑफलाइन व ऑनलाइन माध्यम से शिरकत करेंगे ।

### ये हस्तियां करेंगी शिरकत

केंद्र की निदेशक डॉ. सुमन मौर्य ने बताया कि भारतीय प्रबुद्ध विद्वानों की श्रृंखला में प्रोफेसर संजय भारद्वाज, सेंटर फॉर साउथ एशियन स्टडीज, स्कूल ऑफ़ इंटरनेशनल स्टडीज, जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी दिल्ली, के.एल. बेरवाल ,कुलाधिपति डॉ. हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय सागर मध्य प्रदेश, प्रोफेसर जेपी शर्मा, पूर्व कुलपति मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय उदयपुर, डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा, डीजीपी साइबर क्राईम, प्रोफेसर बीएम शर्मा पूर्व अध्यक्ष राजस्थान लोक सेवा आयोग एवं कुलपति कोटा विश्वविद्यालय, प्रोफेसर रूप सिंह बारेट पूर्व कुलपति, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, अजमेर, डॉक्टर अपर्णा सहाय, पूर्व रजिस्ट्रार और अतिरिक्त निदेशक, एचसीएम, रिपा राजस्थान सरकार, डॉ. अखिल शुक्ला सीनेट मेंबर, राजस्थान विश्वविद्यालय रहेंगे।

### उद्घाटन सत्र में ये वक्ता रखेंगे विचार

संगोष्ठी सह संयोजक डॉक्टर शालिनी चतुर्वेदी ने बताया कि उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता प्रोफेसर संजय भारद्वाज, सेंटर फॉर साउथ एशियन स्टडीज स्कूल ऑफ़ इंटरनेशनल स्टडीज जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से शिरकत करेंगे। इस सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रोफेसर अल्पना कटेजा राजस्थान विश्वविद्यालय करेंगी। प्रोफेसर रूप सिंह बारेठ, प्रोफेसर जेपी शर्मा, डॉ अखिल शुक्ला, अवधेश सिंह, कुलसचिव, रामसुख जाटोलिया आदि कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। आयोजन सचिव डॉ. जोशी ने बताया कि उद्घाटन वक्तव्य आयोजन समन्वयक व निदेशक डॉ. अंबेडकर अध्ययन केंद्र डॉ. सुमन मौर्य करेंगी। इसमें मुख्य अतिथि आरपी मेहरडा, डीजीपी साइबर क्राइम राजस्थान पुलिस होंगे। मुख्य वक्ता के रूप में के एल बेरवाल कुलाधिपति, हरि सिंह गॉड केंद्रीय विश्वविद्यालय सागर मध्य प्रदेश द्वारा किया जाएगा।

## Yuva स्टोरीज

### आई टी आई जयपुर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए यूथ को दिलाई मतदान करने की शपथ



बेधड़क | जयपुर

लोक सभा आम चुनाव 2024 में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए चलाए जा रहे स्वीप कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, प्रादेशिक कार्यालय, जयपुर की ओर से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम के दौरान नव मतदाताओं को मतदान करने की शपथ दिलाकर लोकतंत्र के उत्सव में अपनी भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरों के संजय बूलचन्दानी ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को अवश्य मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत करने तथा निष्पक्ष व निडर होकर बिना किसी प्रलोभन के सभी से मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर चुनाव आयोग के चुनाव सुधार को लेकर किए गए प्रयासों के बारे में जानकारी देने के लिए प्रदर्शनी भी लगाई गई। साथ में निर्वाचन आयोग द्वारा जारी विभिन्न एप वोटर हेल्पलाइन एप, सक्षम एप, सी विजिल एप- के बारे में भी उपस्थित नव मतदाताओं को जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान नव मतदाताओ को ईवीएम एवं वीवीपैट से मतदान करने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के अन्त में सभी छात्र-छात्राओं को मतदान करने की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य संदीप नाग तथा समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

# प्रश्नोत्तरी और सिंधी संगोष्ठी में बच्चों ने लिया बढ़-चढ़कर भाग

बेधड़क | जयपुर

**जयपुर** । राजस्थान सिंधी अकादमी एवं राजकीय सिंधी बा.उ.मा.वि.जवाहर नगर, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में 'संगोष्ठी और सांस्कृतिक कार्यक्रम' का आयोजन स्कूल प्रांगण में किया गया। भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में सिंधी भाषा को मान्यता और चेटीचंड पर्व के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अकादमी सचिव योगेन्द्र गुरनानी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत में इष्टदेव भगवान झूलेलाल की प्रतिमा के समक्ष ज्योति प्रज्वलन से किया गया। स्कूल की प्रिंसिपल मधु कालानी ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर 'सिन्धी भाषा दिवस' विषयक आलेख में स्कूल की सिंधी व्याख्याता हिना सामनानी ने सिंधी भाषा दिवस के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। सिंधी व्याख्याता शान्ति सुखनानी ने चेटीचंद पर्व' पर आलेख प्रस्तुत करते हुए चेटीचंड के विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक पहलुओं का विस्तार से वर्णन किया। कार्यक्रम में विद्यालयों की बालिकाओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में सिन्धियत प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। जिन्हें प्रोत्साहन स्वरूप प्रमाण पत्र दिये गए। स्कूल के 100 से अधिक स्टूडेंट्स ने कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में महेश कुमार किशनानी ने संत कंवरराम की जीवनी पर आधारित पारंम्परिक सिंधी भगत की शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में स्कूल की वाइस प्रिंसिपल नीता भाटिया, वरिष्ठ साहित्यकार डा.खेमचंद गोकलानी, नन्दिनी पंजवानी, डा.माला कैलाश, पार्वती भागवानी, नमिशा खेमनानी, हेमा मलानी, हर्षा पंजाबी, गंगाराम ईसरानी और स्कूल के स्टॉफ आदि उपस्थित थे। अकादमी सचिव ने सभी उपस्थित लोगों को आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन पूजा चांदवानी ने किया।

## सिविल सर्विस के इंटरव्यू राउंड हो चुके हैं पूरे

# जल्द आएगा सिविल सर्विस एग्जाम रिजल्ट

बेधड़क | दिल्ली




देश की सबसे कठित परीक्षा माने जाने वाली संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) की सीएसई परीक्षा 2023 का फाइनल परिणाम जल्द आने वाला है। यूपीएससी या तो अगले सप्ताह या इसी महीने के लास्ट में परिणाम जारी कर सकती है। बता दें कि दे चुके उम्मीदवार बेसब्री से अपने परिणाम का इंतजार कर रहे हैं। यह इंतजार इसलिए है कि क्योंकि हाल ही में यूपीएससी सीएसई 2023 प्री और मेंस की परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके उम्मीदवारों के फाइनल चरण यानी इंटरव्यू की प्रक्रिया समाप्त हुई है। यूपीएससी सीएसई 2023 का इंटरव्यू राउंड 9 अप्रैल को खत्म हुआ है। करीब 2800 से ज्यादा अभ्यर्थियों ने इंटरव्यू बोर्ड के सामने दिया था।

### परीक्षाओं पर पड़ा चुनाव का असर

वहीं 19 अप्रैल से देश में लोकसभा चुनाव शुरू हो रहे हैं। जो 7 चरणों में होकर 1 जून को खत्म होंगे और इसके नतीजे 4 जून को आएंगें। चुनाव के चलते आईआईटी जेईई, सीयूईटी, यूपीएससी, एमपीएससी सहित दर्जन भर परीक्षाओं की तारीखों को आगे बढ़ाया या फिर स्थगित कर दिया है।

### फाइनल रैंक लिस्ट की जाएगी जारी

यूपीएससी यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2023 के लिए फाइनल रैंक की भी घोषणा करेगा। रिजल्ट में टॉप रैंक धारकों को ऑल इंडिया और सेंट्रल सिविल सर्विस में नियुक्ति मिलेगी। उम्मीदवारों की फाइनल रैंकिंग मुख्य परीक्षा और इंटरव्यू में प्राप्त अंकों के आधार पर निर्धारित की जाएगी।

### अगले सप्ताह तक जारी हो सकता है रिजल्ट

लोकसभा चुनाव का असर यूपीएससी ही नहीं बल्कि बोर्ड रिजल्ट पर भी पड़ा है। यही कारण है कि सीबीएसई बोर्ड समेत तमाम स्टेट बोर्ड रिजल्ट को मई महीने से पहले-पहले जारी करने की तैयारी कर रही हैं। ऐसे में उम्मीद है कि यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2023 का फाइनल रिजल्ट 15 अप्रैल तक जारी कर दिया जाए। यूपीएससी सीएसई फाइनल रिजल्ट 2023 आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किए जाएंगे। हालांकि आयोग ने इस संबंध में कोई ऑफिशियल नोटिस जारी नहीं की है।

### यूं चेक हो सकेगा यूपीएससी रिजल्ट

- यूपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट upsc.gov.in पर जाएं।
- होमपेज पर रिजल्ट जारी होने के बाद सिविल सेवा परीक्षा परिणाम 2023 के लिंक पर क्लिक करें।
- सीएसई रिजल्ट का लिंक खुल जाएगा।
- अब रिजल्ट लिंक पर क्लिक करें।
- ऐसा करने के साथ रिजल्ट पीडीएफ खुलेगा।
- अब रिजल्ट जांचने के बाद इसे डाउनलोड कर लें।

### ऐसा रहा था इंटरव्यू का शेड्यूल

- पहले चरण में आयोग ने 1026 उम्मीदवारों के लिए 2 जनवरी से 16 फरवरी, 2024 तक सिविल सेवा (मुख्य) परीक्षा, 2023 के इंटरव्यू आयोजित किए थे।
- दूसरे चरण में आयोग ने 1003 उम्मीदवारों के लिए 19 फरवरी से 15 मार्च 2024 तक सिविल सेवा (मुख्य) परीक्षा, 2023 के इंटरव्यू आयोजित किए थे।
- तीसरे चरण में आयोग ने 817 उम्मीदवारों के लिए मार्च 18 मार्च से 19 अप्रैल, 2024 तक सिविल सेवा (मुख्य) परीक्षा, 2023 के इंटरव्यू आयोजित किए थे।
- साल 2023 की यूपीएससी सीएसई के लिए इंटरव्यू राउंड के लिए कुल 2843 उम्मीदवार उपस्थित हुए हैं। बता दें, इंटरव्यू राउंड 275 अंकों का होता है।

# नींव प्रोजेक्ट से सेना करेगी बेटियों के स्वास्थ्य की रक्षा



बेधड़क | जयपुर

भारतीय सेना अब देश की रक्षा के साथ-साथ बेटियों के स्वास्थ्य की भी रक्षा करने जा रहा है। यह सब संभव हो सकेगा सेना के बाड़मेर के चूली गांव में चलाए बालिका उत्थान परियोजना 'नींव' प्रोजेक्ट से। बता दें कि हाल्ही में बाड़मेर के चूली गांव में भारतीय सेना के कोणार्क कोर की बोगरा ब्रिगेड ने नींव प्रोजेक्ट शुरू कर बेटियों को सशक्त बनाने का बीड़ा उठाया है। इस परियोजना के माध्यम से नौ से बारह साल तक की कन्याओं को मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ और मजबूत बनाने के लिए दस सप्ताह तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रोजेक्ट के तहत योग, ध्यान, भावनात्मकता, शिक्षा, स्वास्थ्य, मनोरंजन, निर्णय लेना, कार्य पूर्ण करना इत्यादि का प्रशिक्षण देकर उन्हें सशक्त बनाया जाएगा। प्रोजेक्ट के जरिए युवा कन्याओं को स्वस्थ और शक्तिशाली बनाने के लिए सही आहार, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, व्यायाम और शिक्षा की आवश्यक जानकारी मिल सकेंगी। इससे वह स्वयं को सक्षम और राष्ट्रनिर्माण में पूरी तरह भागीदार बन सकेंगी।

### स्वयंपाठी परीक्षार्थी चयनित विषयों में 22 अप्रैल तक कर सकेंगे सुधार

**जयपुर**। राजस्थान विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए स्वयंपाठी परिक्षार्थियों ने स्नातक प्रथम वर्ष सैमेस्टर में ऐसे विषयों का चयन अपने परीक्षा फॉर्म में कर दिया है, जो उनके लिए मान्य नहीं हैं, ऐसे में विवि ने परीक्षार्थियों को इन विषयों को परिवर्तित किए जाने के लिए अपना प्रार्थना पत्र 22 अप्रैल तक विवि परीक्षा अनुभाग में प्रस्तुत करने को कहा है। वरना विवि की ओर से अपने स्तर पर ही इन प्रश्न पत्रों को परिवर्तित कर दिया जाएगा। विवि के परीक्षा नियंत्रक डॉ. राकेश राव ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अन्तर्गत स्वयंपाठी परीक्षार्थियों द्वारा स्नातक प्रथम सैमेस्टर 2023-24 के आवेदन करते समय स्किल ऐनडेन्समेंट कोर्स के विभिन्न प्रश्न पत्रों में से SEC-005-Effective Communication Skills SEC-006-Learning Life Skills विषयों का चयन कर लिया गया था। यह प्रश्न पत्र स्वयंपाठी विधार्थियों के लिए मान्य नही हैं। इस कारण इन प्रश्नपत्रों को परिवर्तित करने के लिए 22 अप्रैल तक परीक्षार्थी को आवेदन करना होगा, उन्होंने यह भी जानकारी दी है कि स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के लिए स्किल एनहैसमेंट के निम्न प्रश्न पत्र ही मान्य है। विश्वविद्यालय की सूचना के आधार पर विषय परिवर्तन के लिए यदि स्वयंपाठी परीक्षार्थी द्वाषा निर्धारित अवधि तक आवेदन प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो विवि अपने स्तर पर ही इन परीक्षार्थियों के लिए मान्य उन प्रश्न पत्रों में से किन्ही दो प्रश्न पत्रों में परिवर्तित कर देगा।

## जेईसीआरसी — यूनिवर्सिटी में नया-पुन तृतीया एग्जिबिशन में दिखा ह्यूमर और क्रिएटिविटी का समागम

# स्टूडेंट्स ने हंसते हुए सीखी शब्दों की क्रिएटिविटी

बेधड़क | जयपुर

जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ डिजाइन के स्टूडेंट्स द्वारा तीन दिवसीय ह्यूमर और क्रिएटिविटी का एग्जिबिशन शुरू हुआ। जवाहर कला केंद्र में 12 से 14 अप्रैल तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में 27 मनोरंजक पंच और 18 आकर्षक आर्ट इंस्टालेशन का प्रदर्शन हुआ। पेंसिल बॉक्स डिज़ाइन के सहयोग से आयोजित हुई इस एग्जिबिशन का उद्घाटन रमा दत्त, एक्जीक्यूटिव ट्रस्टी, महाराजा सवाई मान सिन्ह द्वितीय म्यूजियम द्वारा हुआ। साथ ही बतौर गेस्ट ऑफ ऑनर डॉ. रिचा प्रकाश घोष, प्रिंसिपल डीपीएस जयपुर मौजूद रहीं।



नया पुन तृतीय में सुनने में एक जैसे लगने वाले शब्दों और वाक्यों के अलग-अलग अर्थ के कुशल प्रयोग से दर्शकों को हंसाने का प्रयास किया गया है। स्कूल ऑफ डिजाइन के स्टूडेंट्स ने अपनी क्रिएटिविटी क्षमता का इस्तेमाल कर अलग अलग मैटेरियल जैसे की पीओपी, पेपर मैशिंग आदि का इस्तेमाल कर रोचक कला कृत्यों का निर्माण किया है। दरअसल नया पुन अपने अतरंगी और रोचक कला के लिए जाना जाता है। जहां स्टूडेंट्स शब्दों का फेर बदल करके एक नया मतलब निकालते है, ये एग्जिबिशन चीजों को अलग तरीके से देखने का नज़रिया प्रदान करती हैं। डीन स्कूल ऑफ डिजाइन, शिवानी कौशिक ने कहा कि डिपार्टमेंट पिछले तीन साल से "नया पुन" का आयोजन कर रहा है। इसमें स्टूडेंट्स शब्दों को कैसे रोचक तरीके से प्रस्तुत कर सकते हैं उस पर काम कर सकते है। ये उनके लिए और दर्शकों के लिए एक ब्रेन एक्सरसाइज के रूप में काम करता है। अर्पित अग्रवाल, वाइस चेयरपर्सन, जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी ने कहा कि ऐसे एग्जिबिशन बच्चो को थ्योरी से हटकर आउट ऑफ द बॉक्स सोचने के लिए प्रेरित करते है।

# अशुद्धियों का अवशिष्ट निष्कासन करता है विशुद्धि चक्र

## देवी स्कंदमाता पर विशेष




अशोक 'प्रवृद्ध'
स्वतंत्र टिप्पणीकार


*"विशुद्धि चक्र का देवता सृष्टिकर्ता ब्रह्मा है, जो चेतना का प्रतीक है। ध्यान में व्यक्ति की चेतना आकाश में समाहित हो जाने पर ही ज्ञान और बुद्धि प्राप्त होती है। विशुद्धि चक्र का प्रतीक पशु एक सफेद हाथी है। इसके चित्र में एक चन्द्रमा की छवि भी दिखती है जो मन का प्रतीक है। विशुद्धि चक्र योग्यता और कुशलता को प्रफुल्लित करने वाले प्रसन्नता की अनगिनत भावनाओं और स्वतंत्रता को प्रतिविम्बित करता है।"*

नवरात्रि के पांचवें दिन माता भगवती दुर्गा के पंचम स्वरूप देवी स्कन्दमाता की पूजा- अर्चना किए जाने की परिपाटी है। इस वर्ष 2024 में वासंतीय नवरात्र का पंचम दिन 13 अप्रैल दिन शनिवार को पड़ने के कारण इस दिन भगवती के पांचवें स्वरूप स्कंदमाता की उपासना की जाएगी। वे ज्ञानशक्ति और कर्मशक्ति के सूचक देवता स्कन्द की माता है। देवासुर संग्राम में देवों के सेनापति बने स्कन्द को कुमार कार्तिकेय के नाम से भी जाना जाता है। इन्हें कुमार, शक्तिधर और मयूर वाहन भी कहा जाता है। इनका वाहन मयूर है। इन्हीं भगवान स्कन्द की माता होने के कारण भगवती के पांचवें स्वरूप को स्कंदमाता के नाम से अभिहित किया गया है। स्कन्द ज्ञानशक्ति और कर्मशक्ति, दोनों के मिश्रण का परिणाम हैं। स्कन्दमाता व्यवहारिक ज्ञान को सामने लाने वाली और ज्ञान को कर्म में परिवर्तित करने वाली दैवीय शक्ति हैं। शिव तत्व आनंदमय, सदैव शांत और किसी भी प्रकार के कर्म से परे होने का सूचक है, वहीं देवी तत्व आदिशक्ति सब प्रकार के कर्म के लिए उत्तरदायी है। पौराणिक मान्यतानुसार देवी इच्छा शक्ति, ज्ञान शक्ति और क्रिया शक्ति का समागम है। शिव तत्व का मिलन इन त्रिशक्तियों के साथ होने पर स्कंद का जन्म होता है। स्कंदमाता ज्ञान और क्रिया के स्रोत के आरम्भ का प्रतीक है।

क्रियात्मक ज्ञान अथवा सत्य ज्ञान से प्रेरित क्रिया ही कर्म है। ज्ञान होने के बाद भी लोग उसका कुछ सार्थक प्रयोजन या क्रियात्मक प्रयोग नहीं करते, लेकिन ज्ञान का ठोस प्रयोजन व लाभ है, जिसे क्रिया द्वारा अर्जित किया जाता है। विद्यालय -महाविद्यालय में विज्ञान पढ़ने वाले विद्यार्थी दैनिक जीवन में विज्ञान का कुछ प्रयोग करते दिखाई देते हैं। इसी तरह चिकित्सा पद्धति, औषधि शास्त्र का ज्ञान दिन- प्रतिदिन में अधिक उपयोग में आता है। किसी यंत्र के खराब हो जाने पर उसे ठीक करना जानने वाले उस ज्ञान का उपयोग कर उसे ठीक कर सकते हैं। इस प्रकार का ज्ञान अधिक व्यवहारिक ज्ञान है। स्कन्द सत्य व्यवहारिक ज्ञान और क्रिया के एक साथ होने का प्रतीक है। स्कंद तत्व मातृ देवी का एक और रूप है। यह सर्वविदित है कि ब्रह्म सर्वत्र, सर्वव्यापी है, किंतु सामने कोई चुनौती अथवा मुश्किल स्थिति आने पर लोग इस ऊहापोह में पड़ जाते हैं कि इस स्थिति में किस प्रकार कौन सा ज्ञान लागू किया जाए, अथवा प्रयोग में लाया जाए? लेकिन समस्या अथवा मुश्किल स्थिति में तत्क्षण क्रियात्मक होने की आवश्यकता होती है। कर्म के सत्य व्यवहारिक ज्ञान से लिप्त होने पर ही स्कंद तत्व का उदय होता है। और देवी दुर्गा स्कन्द तत्व की माता हैं। वासन्तीय व शारदीय नवरात्रि के पंचम दिन देवी के पंचम स्वरूप स्कन्दमाता की पूजा भक्त व शाक्त गण विधि- विधान से करते हैं। नवरात्रि के पंचम दिन साधक भक्तों का मन विशुद्धि (विशुद्ध) चक्र में स्थित रहता है।

इस चक्र में अवस्थित रहने वाले साधक की समस्त बाह्य क्रियाएं एवं चित्र वृत्तियों का लोप हो जाता है। और उसका ध्यान चैतन्य स्वरूप की ओर होता है। समस्त लौकिक, सांसारिक, मायाविक बन्धनों को त्याग कर वह पद्मासन माता स्कन्दमाता के रूप में पूर्णतः समाहित होता है। ऐसे में साधक को मन को शुद्ध, एकाग्र रखते हुए साधना के पथ पर आगे बढ़ना चाहिए। उल्लेखनीय है कि विशुद्धि चक्र तंत्र और योग साधना की चक्र संकल्पना का पंचम चक्र है। इसे विशुद्ध चक्र भी कहते हैं। विशुद्धि में विष और शुद्धि दो शब्द हैं, जिसमें विष का अर्थ है- जहर, अशुद्धता और शुद्धि का अर्थ है- अवशिष्ट निकालना। अर्थात अशुद्धियों का अवशिष्ट निष्कासन। विशुद्धि चक्र कंठ के पीछे होता है। इसलिए इसे कंठ केंद्र भी कहते हैं। विशुद्धि चक्र गले की ओर खुलता है, और तीसरे तथा पांचवे गर्दन के रीढ़ के जोड़ में स्थित होता है। उच्चतम आध्यात्मिक अनुभूति प्रदान करने वाले इस चक्र में समस्त सिद्धियों का वास होता है। इसका मंत्र हम है। और रंग बैंगनी है।

विशुद्धि चक्र में व्यक्ति की चेतना पांचवे स्तर पर पहुंच जाती है। इसका समानरूप तत्त्व आकाश अर्थात अंतरिक्ष है। इसका अर्थ ईश्वर अर्थात लोकोत्तर भी किया जा सकता है, इसका अभिप्राय यह है कि यह स्थान ऊर्जा से भरा रहना चाहिए। विशुद्धि चक्र उदान प्राण का प्रारंभिक बिन्दु है। श्वसन के समय शरीर के विषैले पदार्थों को शुद्ध करना इस प्राण की प्रक्रिया है। मुख्यतः इस कार्य के कारण ही इस चक्र का नाम व्युत्पन्न है। शुद्धिकरण न केवल शारीरिक स्तर पर ही होता है, अपितु मनोभाव और मन के मानसिक स्तर पर भी होता है। जीवन में आने वाली समस्याओं और दुखद अनुभवों को भीतर ही भीतर निगल जाने और अपने अंदर ही दबा लेने से वे मानव के अवचेतन मन में ही बने रहते हैं, जब तक कि उनका सामना और बुद्धि से समाधान कर लिया नहीं जाता।

पौराणिक मान्यताओं में स्कन्दमाता को पुत्रवती माता-पिता का स्वरूप माना गया है। इस रूप में प्रत्येक पुत्रवान माता-पिता स्कन्द माता के रूप हैं। स्कंदमाता माता कार्तिकेय रूपी संतान को गोद लिए है। वह वात्सल्य का प्रतीक है। उसका विकार वात्सल्य रूपी आकर्षण का विकार होगा। वह आकर्षण का विकार काल और समय में प्रवेश करने पर चुंबकीय ऊर्जा बनती है। आयुर्वेद में ब्रह्म के दुर्गा कवच में भगवती की पंचम स्वरूप देवी स्कन्दमाता औषधि के रूप में अलसी में विद्यमान हैं। यह वात, पित्त व कफ रोगों की नाशक औषधि है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**


## यूरोप से लेकर एशिया तक हलचल

# 'ऑक्स' की बढ़ती ताकत से बेचैन चीन




अरविंद जयतिलक
स्वतंत्र टिप्पणीकार


*"नेपोलियन बोनापार्ट की भविष्यवाणी अब सच साबित हो रही है। देखें तो चीन की कूटनीतिक रणनीति से हिंद-प्रशांत क्षेत्र अशांत हो उठा है। नतीजतन इस भू-भाग में स्थित राष्ट्रों के बीच आर्थिक व सामरिक युगलबंदिया तेज होनी लाजिमी है। इन परिस्थितियों के बीच अगर अमेरिका अपने मित्र देशों के साथ त्रिपक्षीय सुरक्षा गठबंधन 'ऑक्स' को विस्तार देने के लिए जापान को साथ लेना चाहता है तो यह अस्वाभाविक नहीं है।"*



हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया के नए त्रिपक्षीय सुरक्षा गठबंधन 'ऑक्स' (aukus) समूह में अब जापान भी शामिल होगा। चीन का मुकाबला करने के लिए तीनों सदस्य देश जापान को शामिल करने की रणनीति को मूर्त रुप देना शुरु कर दिए हैं। उल्लेखनीय है कि 2021 में तीनों देशों ने मिलकर 'ऑक्स' का गठन किया था। 'ऑक्स' के उभार से यूरोप से लेकर एशिया तक हलचल मची हुई है। चीन द्वारा बार-बार ऑक्स के उभार को हथियारों की होड़ बढ़ाने वाला कदम करार दिया जा रहा है। मजेदार बात यह कि चीन ही नहीं अमेरिका का खास सहयोगी फ्रांस भी ऑक्स की बढ़ती ताकत से नाराज है।

चीन और फ्रांस की बेचैनी के अलग-अलग निहितार्थ हैं। चीन की बात करें तो उसे कतई पसंद नहीं है कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में ऑस्ट्रेलिया की सक्रियता बढ़े। इसलिए कि दक्षिणी चीन सागर में चीन की जबरन कब्जा नीति को ऑस्ट्रेलिया ने लगातार आलोचना की है। दूसरी ओर क्वाड समूह में ऑस्ट्रेलिया का सदस्य के तौर पर शामिल होना भी चीन के लिए बर्दाश्त के काबिल नहीं है। चीन को लगता है कि वह अमेरिका, भारत और जापान के साथ मिलकर उसकी घेराबंदी कर रहा है। गौर करें तो ऑस्ट्रेलिया से चीन की नाराजगी की कई अन्य वजहें भी हैं। मसलन एलएसी विवाद में वह भारत का खुलकर समर्थन कर चुका है। जी-7 देशों की बैठक में विश्व व्यापार संगठन से चीन को बुरे बर्ताव के लिए दंडित करने की भी मांग कर चुका है।

उल्लेखनीय है कि चीन ने मई 2020 में जौ की फसल पर 80 प्रतिशत से अधिक टैरिफ लगाकर ऑस्ट्रेलियाई जौ के आयात को प्रभावी ढंग से खत्म कर दिया था। चीन के इस कदम से ऑस्ट्रेलिया का गुस्सा चरम पर है। वह चीन को सबक सीखाने के लिए मौके की तलाश में है। चीन की चिंता यह भी है कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच बढ़ते सहयोग से भारत को ऑस्ट्रेलिया से यूरेनियम मिलने का रास्ता साफ हो सकता है। ऑस्ट्रेलिया यूरेनियम का बड़ा स्रोत है और अगर वह भारत को यूरेनियम देता है तो भारत को बिजली उत्पादन समेत कई अन्य मानवीय परियोजनाओं को पूरा करने में मदद मिलेगी। अभी तक ऑस्ट्रेलिया परमाणु अप्रसार का तर्क देकर भारत को यूरेनियम आपूर्ति करने से बचता रहा है। लेकिन चीन के खतरनाक रवैए ने भारत-ऑस्ट्रेलिया को एक मंच पर ला दिया है। वैसे भी गौर करें तो भारत और ऑस्ट्रेलिया दो बहुसांस्कृतिक एवं बहुलतावादी लोकतांत्रिक देश हैं। विश्व स्तर पर भू-सामरिक एवं भू-आर्थिक संदर्भों में दोनों देशों की अहम भूमिका रही है।

परपरांगत लगाव और द्विपक्षीय विवादास्पद मुद्दों के अभाव के अलावा दोनों देश सुरक्षा एवं विश्व व्यवस्था के संदर्भ में समय-समय पर निर्णायक भूमिका निभाते रहे हैं। अभी गत वर्ष पहले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और तत्कालीन ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री स्कॉट मारिसन के बीच संपन्न हुए वर्चुअल शिखर सम्मेलन में दोनों देशों ने कोरोना महामारी से निपटने के अलावा सात महत्वपूर्ण समझौते को आयाम दिया जिसके मुताबिक अब दोनों देशों की सेनाएं हिंद प्रशांत क्षेत्र में एकदूसरे के ठिकानों का इस्तेमाल हथियारों की मरम्मत और आपूर्ति के लिए कर सकेंगी। ऑक्स के गठन को लेकर ऑस्ट्रेलिया कह चुका है कि उसने यह समझौता भारत को विश्वास में लेकर किया है और भारत उसके साथ है। ऑस्ट्रेलिया ने यह भी कहा कि 'ऑक्स' आसियान के सदस्य देशों, प्रशांत क्षेत्र के राष्ट्रों और क्वाड के सदस्यों को भी समर्थन देगा। तथ्य यह भी कि 'ऑक्स' का एलान एक सप्ताह बाद होने वाले क्वाड शिखर बैठक से पहले किया गया है जो कई निहितार्थों को समेटे हुए है। यह सब जानकर चीन का बौखलाना लाजिमी है। त्रिपक्षी सुरक्षा गठबंधन से चीन ही नहीं फ्रांस की भी भौहें तनी हुई हैं। फ्रांस के तत्कालीन विदेशमंत्री ज्यां इव लिद्रियां ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा था कि यह सुरक्षा साझेदारी समझ से परे और पीठ में छूरा घोंपने वाला है।

दरअसल फ्रांस की नाराजगी कारोबारी और विशेष रूप से अमेरिका के रवैए को लेकर है। गौरतलब है कि नई सुरक्षा साझेदारी के तहत अमेरिका और ब्रिटेन अगले डेढ़ साल में ऑस्ट्रेलिया को आठ परमाणु उर्जा से चलने वाली पनडुब्बियां उपलब्ध कराएंगे। निःसंदेह यह पहल भारत के सुरक्षा चक्र को मजबूत करेगा। क्योंकि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सामरिक गठजोड़ लगातार परवान चढ़ रहा है, लेकिन यहां यह भी जानना आवश्यक है कि पहले ऑस्ट्रेलिया का फ्रांस के साथ डीजल पनडुब्बियों का 100 अरब डॉलर का सौदा हुआ था जो अब खत्म हो गया है। इस आर्थिक नुकसान से फ्रांस नाराज है। गौर करने वाली बात यह कि विगत पांच दशकों में यह पहली बार होगा जब अमेरिका अपनी पनडुब्बी तकनीक किसी देश से साझा करेगा। हालांकि अमेरिका ने फ्रांस की नाराजगी को दूर करते हुए कहा था कि उसका यूरोपीय सहयोगियों से गहरा रिश्ता है और उसकी मंशा नए सुरक्षा गठबंधन 'ऑक्स'के जरिए क्षेत्रीय विभाजन पैदा करना नहीं है। लेकिन सच यहीं है कि अमेरिका नए सुरक्षा गठबंधन के जरिए हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपनी स्थिति मजबूत करना चाहता है। ऐसा इसलिए कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था का केंद्र बन गया है। इस क्षेत्र में दुनिया की आधी चीजों का उत्पादन होता है। इस क्षेत्र में दुनिया की दूसरी (चीन) और तीसरी (जापान) अर्थव्यवस्था वाले देश अवस्थित हैं। गौर करें तो यह क्षेत्र न सिर्फ चीन व जापान बल्कि भारत और दक्षिण कोरिया समेत पश्चिमी देशों के हितों से जुड़ा हुआ है।

मौजूदा समय में यह क्षेत्र भू-राजनीतिक व सामरिक रुप से वैश्विक शक्तियों के मध्य रण का क्षेत्र बनता जा रहा है। इस क्षेत्र की जनसंख्या विश्व की जनसंख्या के तकरीबन एक तिहाई से ज्यादा है। विश्व के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग 60 फीसद और विश्व व्यापार का 75 फीसद कारोबार इसी क्षेत्र से होता है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अवस्थित बंदरगाह विश्व के व्यस्ततम बंदरगाहों में शुमार हैं। यह क्षेत्र इसलि भी अधिक महत्वपूर्ण है कि यहां उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचाने वाले क्षेत्रीय व्यापार और निवेश की अपार संभावनाएं हैं। यह क्षेत्र उर्जा व्यापार के लिहाज से भी अति संवेदनशील है। ऐसे में इस क्षेत्र को आर्थिक व सामरिक दृष्टि से सुरक्षित रखने के लिए अमेरिका ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया एक साथ युगलबंदी कर ऑक्स को जन्म दिया है तो यह अस्वाभाविक नहीं है। किसी से छिपा नहीं है कि मौजूदा समय में चीन की कूटनीतिक रणनीति से हिंद-प्रशांत क्षेत्र अशांत हो उठा है। इस भू-भाग में स्थित राष्ट्रों के बीच आर्थिक व सामरिक युगलबंदिया तेज हो रही हैं। पूर्वी लद्दाख से लेकर दक्षिणी चीन सागर तक जिस तरह चीन आक्रामक रवैया अपनाए हुए है उससे वैश्विक परिदृश्य में तनाव है। दुनिया युद्ध के कगार पर है। दो राय नहीं कि विगत दशकों में अंतरराष्ट्रीय राजनीति के मंच पर चीन की विशिष्ट पहचान बनी है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# लुढ़कना




संतोष दिवाकर
व्यंग्यकार


जब कोई नन्हा मेहमान घर में आता है तो उसके उलटने-पलटने का बेसब्री से इंतजार करते हैं, वैसे ही जब चुनाव का समय आता है तो नेताओं का लुढ़कने का इंतजार रहता है। हरियाणा में गया लाल नाम के एक विधायक ने एक पखवाड़ा में तीन बार पार्टियां बदली, तभी से आया राम, गया राम मुहावरा बोलने का प्रचलन हुआ। होली के समय लुढ़कना आम बात है, खास तब हो जाती है, जब शराब बंदी वाले राज्य में कोई व्यक्ति दिनदहाड़े लुढ़क जाए। होली के समय लोग एक दूसरे को रंग लगाते हैं, काला रंग लगाकर सामने वाले का मुंह काला करते हैं। चुनाव के समय भी उम्मीदवार एक दूसरे का पोल खोलते हैं, उनके काले करतूतों की पोल-खोल करते हैं।

होली में लोग नशापान करने के बाद लुढ़क जाते हैं और चुनाव के समय टिकट न मिलने के नशा में लुढ़क जाते हैं; अपनी पार्टी यदि टिकट नहीं देती है तो लुढ़क कर दूसरे में चले जाते हैं। यूं लुढ़कना सामान्यतया शाम के समय हुआ करती है लेकिन होली के समय में यह कभी भी हो सकता है- सुबह, दोपहर, शाम, कभी भी, कहीं भी; वैसे ही नेताओं का चुनाव के समय लुढ़कना कभी भी हो सकता है, टिकट की सूची प्रकाशित होने के पहले, बाद, कभी भी कुछ भी हो सकता है। कुछ राष्ट्रीय दलों से क्षेत्रीय दलों में चले जाते हैं तो कुछ एकला चलो की राह पर निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतर जाते हैं, तो कुछ सड़क पर लुढ़क कर पड़े रहते है कोई पूछने वाला नहीं रहता है। दूसरे दलों में जाने पर वहां शपथ देनी पड़ती है कि अब हम लुढ़क कर फिर कहीं नहीं जाएंगे, आप ही के पास रहेंगे। हमारा दिल इसी पार्टी के लिए बना है यह कहकर दूसरे में लुढक कर चले जाते हैं और फिर स्वार्थ की पूर्ति नही होती है तो जिस पार्टी को छोड़कर आए थे फिर उसी पार्टी में चले जाते हैं और बोलते हैं कि हम तो इसी पार्टी के लिए बने हैं, हमसे गलती हो गई,भूल हो गई जो हम वहां चले गए। मुझसे भूल हो गई हमका माफी दे दो।

लुढ़कना तो मानव का जन्मजात स्वभाव है, जब बच्चा पैदा लेता है तो उसके कुछ माह के बाद बच्चा लुढ़कने-सरकने लगता है तो यह देखकर माता पिता बहुत खुश होते हैं, लेकिन वही बच्चा बड़ा होने पर जब किसी दिन नशे में लुढ़क जाता है तो सर शर्म से झुक जाता है। आए दिनों रुपया के लुढ़कने की बात समाचार जगत में छाया रहता है लेकिन यहां तो आदमी रुपया के आगे जितना लुढ़कता है, उतना तो रुपया भी कभी डॉलर के आगे नहीं लुढ़की। लुढ़कने का खेल यहीं समाप्त नहीं होता, यौवन के दिनों में लुढ़का-लुढ़की(लड़का-लड़की) भी एक दूसरे के प्रति लुढ़कते रहते हैं, कुछ साथ लुढ़कते-लुढ़कते जीवन साथी हो जाते हैं तो कुछ अपनी अपनी धाराएं अलग कर लेते हैं। पढ़ाई के दौरान भी आदमी किसी कक्षा में लुढ़क जाता है, पर 12वीं फेल फिल्म ने तो लोगो में उत्साह का संचार कर दिया है कि लुढ़कने के बाद भी आदमी दौर सकता है।

# पुण्यतिथि पर विशेष: आदर्श कलाकार थे बलराज साहनी




मुकेश पोपली
स्वतंत्र टिप्पणीकार


*बलराज साहनी के पुत्र परीक्षित साहनी ने हाल ही में उनके जीवन पर आधारित **'मेरे पिता की यादें: बलराज साहनी'** नाम से एक पुस्तक लिखी है, जिसे पेंग्विन की सहायक कंपनी मंजुल पब्लिशिंग ने प्रकाशित किया है।*

एक मई 1913 अर्थात विश्व मजदूर दिवस को गांव भेरा, रावलपिंडी (अब पाकिस्तान) में जन्मे बलराज साहनी ने न केवल हिंदी में स्नातक परीक्षा पास की बल्कि अंग्रेजी में स्नातकोत्तर भी किया। रोजगार के लिए विश्वभारती विश्वविद्यालय में अंग्रेजी और हिंदी भाषा पढ़ाने का काम किया। स्वतंत्रता आंदोलन में गांधी जी के साथ काम करते हुए उन्हें बीबीसी रेडियो पर हिंदी उद्घोषक चुन लिया गया और गांधी जी ने उन्हें वहां जाने की आज्ञा दे दी।

वर्ष 1938 से 1943 तक बीबीसी में काम करने के पश्चात वह वापस भारत लौट आए। चारों और आजादी का शोर था। बचपन से ही साहित्य और नाटकों में रुचि के अनुसार लंदन से लौटकर वे इप्टा में शामिल हो गए और नाटक तथा लेखन आदि करने लगे। इप्टा से जुड़े होने के कारण उन्हें जेल भी जाना पड़ा। विभिन्न प्रकार के लेखन और पत्रकारिता के अनुभव प्राप्त कर लेने के बाद बलराज साहनी ने सिनेमा की राह पकड़ ली और इसमें उन्हें ख्वाजा अहमद अब्बास का साथ मिला। 1946 से लेकर 1952 तक वे सिनेमा में अभिनय और लेखन कार्य करते रहे। 1953 में बिमल रॉय ने उन्हें 'दो बीघा जमीन' में मुख्य



भूमिका प्रदान की और यह हम सब जानते हैं कि इस फिल्म ने केन फिल्म फेस्टिवल में अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार जीता। बलराज साहनी को यहीं से एक समर्पित कलाकार के रूप में जाना जाने लगा।

1955 की फिल्म 'सीमा' में अशोक बाबू जी की भूमिका में उनके काम को सराहा गया जबकि फिल्म गौरी की भूमिका निभा रही नूतन पर आधारित थी। इसी प्रकार 1957 की फिल्म 'भाभी' सिनेजगत की बहुचर्चित फिल्म रही। एवीएम की फिल्म 'भाभी' के निर्देशक आर कृष्णन और एस पंजु थे जिन्होंने दक्षिण भारतीय और कुछ हिंदी फिल्मों को भी सुपरहिट बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इस फिल्म में बलराज साहनी के साथ पंडारी बाई, नंदा, दुर्गा खोटे और ओम प्रकाश ने भी भूमिका निभाई थी। दरअसल, बलराज साहनी जिस फिल्म में काम करते थे तो उसके पात्र में पूरी तरह प्रवेश कर लेते थे। बलराज साहनी की ऐसी ही एक फिल्म का नाम था 'काबुलीवाला।' हेमेन गुप्ता के निर्देशन वाली इस फिल्म में बलराज साहनी के सामने एक नन्ही बालिका मिनी आ खड़ी होती है जिसमें उसे अपनी बिटिया दिखाई देती है। दोनों के बीच के रिश्ते को फिल्म में इस तरह से प्रस्तुत किया गया है कि दर्शकों की आंखें छलछला आती हैं। अपने वतन से दूर अफगानी और गरीब काबुलीवाला एक कत्ल के जुर्म में दस साल कैद की सजा पाता है लेकिन वह बच्ची उसे हमेशा याद रहती है। 'काबुलीवाला' एक मनोवैज्ञानिक फिल्म थी जिसमें संवेदनाएं चरमोत्कर्ष पर थी।

अख्तर मिर्जा की लिखी कहानी और अख्तर उल-इमान के संवादों पर आधारित निर्माता बलदेव राज चोपड़ा ने अपने छोटे भाई यश चोपड़ा को 1965 में 'वक्त' नाम से फिल्म बनाने का निर्देशन सौंपा। 'वक्त' को पहली बहुसितारा फिल्म माना जाता है। यह फिल्म बलराज साहनी से ही शुरू होती है और उन्हीं पर खत्म भी होती है। लाला केदारनाथ का चरित्र इस फिल्म का स्तंभ था जो केवल अपनी मेहनत को सर्वोपरि मानते हैं लेकिन 'वक्त' की मार के बाद वह सबको नसीहत देते हैं कि 'वक्त' से बड़ा कुछ नहीं। बलराज साहनी और राज कुमार पर फिल्माए गए संवाद आज भी लोग दोहराते हैं। बलराज साहनी पर फिल्माया गया गीत 'ए मेरी जोहरा जबीं...' आज भी विवाह समारोहों में डीजे पर बजते हुए सुना जाता है जिस की धुन पर सबके पांव थिरकने लगते हैं।

बचपन में युधिष्ठिर साहनी नाम से पहचान रखने वाले बलराज साहनी ने 'एक फूल दो माली' में बहुत शानदार अभिनय का प्रदर्शन किया। कहानी में ट्विस्ट भी है लेकिन बलराज साहनी पूरी फिल्म में छाए रहते हैं। 'दो रास्ते' में भी बलराज साहनी का अभिनय बेहद सराहा गया बलराज साहनी ने वैसे तो जिस फिल्म में काम किया, वे हमेशा सराहे गए। बहुत से फिल्मों में तो उनका होना ही फिल्म की सफलता का कारण बना। 'गरम कोट' (1955), 'छोटी बहन' (1959), 'अनपढ़' (1962), 'हकीकत' (1964), 'नींद हमारी ख्वाब तुम्हारे' (1966), 'नील कमल' (1968), 'मेरे हमसफर', 'पहचान', 'नया रास्ता', 'घर-घर की कहानी', 'पवित्र पापी' (1970), 'पराया धन' (1971), 'जंगल में मंगल' (1972), 'हँसते जख्म', 'हिंदुस्तान की कसम' (1973) और ऐसी अनेक फिल्में थी जिसमें बलराज साहनी ने विभिन्न प्रकार की छोटी और बड़ी भूमिकाओं का शानदार निर्वाह किया।

अगर हम बलराज साहनी की फिल्म 'गरम हवा' (1973) की बात न करें तो यह आलेख अधूरा ही रह जाएगा। ख्याति प्राप्त लेखिका इस्मत चुगताई की कहानी पर बनी इस फिल्म को एम एस सैथ्यु ने निर्देशित किया था। बताया जाता है कि यह फिल्म हिंदी में कला सिनेमा की शुरुआत थी। 'गरम हवा' भारत-पाक विभाजन की त्रासदी पर आधारित थी जिसकी शूटिंग के दौरान बलराज साहनी को वो सब याद आता रहा जो उनके बचपन और किशोरावस्था में उनकी आंखों के सामने गुजरा था। बताया जाता है कि उन्हीं सब दृश्यों ने उनके दिमाग पर गहरा प्रभाव डाला। कैफी आजमी और शमा जैदी ने इस फिल्म को लिखा और बहादुर खान ने इसका संगीत तैयार किया था। सलीम मिर्जा के पात्र में बलराज साहनी के सशक्त अभिनय को देखकर स्वयं एम एस सैथ्यु अचंभित थे। अफसोस इस बात का रहा कि यह फिल्म बलराज साहनी स्वयं नहीं देख सके क्योंकि भारत के केंद्रीय सेंसर बोर्ड ने इसे आठ महीने तक रोके रखा और फिल्म प्रदर्शित होने से पहले ही आज ही के दिन 13 अप्रैल 1973 को बलराज साहनी ने यह दुनिया छोड़ दी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

### तमिलनाडु में चुनावी रैली में राहुल गांधी ने भरी हुंकार: भाजपा और प्रधानमंत्री पर साधा निशाना

# देश में दो विचारधाराओं की लड़ाई, एक ओर पेरियार... दूसरी तरफ PM मोदी

एजेंसी | तिरुनेलवेली (तमिलनाडु)

तमिलनाडु में चुनाव अभियान तेज हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैलियों के बाद कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने भी तमिलनाडु का चुनावी दौरा किया है। शुक्रवार को राहुल गांधी ने तिरुनेलवेली में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार और भाजपा पर जमकर हमला किया। उन्होंने कहा कि आज देश में एक वैचारिक लड़ाई चल रही है। एक तरफ पेरियार के विचार है जो सामाजिक न्याय, स्वतंत्रता और समानता के हैं। दूसरी ओर नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार के विचार हैं। राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कहना है कि एक राष्ट्र, एक नेता, एक भाषा। जबकि तमिल भाषा किसी भी अन्य भारतीय भाषा से कम नहीं है। इस देश में कई अलग-अलग भाषाएं और संस्कृतियां हैं और सभी हमारे लिए समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि हमारे सभी स्नातकों, डिप्लोमा धारकों के लिए राइट टू अप्रेंटिसशिप कानून लाया जाएगा। सरकारी नौकरियों की 30 लाख रिक्तियां हैं। अगर हमारी सरकार बनती है तो ये नौकरियां युवाओं को दी जाएंगी। केंद्र पर हमला करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि भारत को दुनिया में लोकतंत्र का प्रकाश स्तंभ कहा जाता था, लेकिन अब कहा जाता है कि भारत का लोकतंत्र अब लोकतंत्र नहीं रहा। राहुल ने कहा कि तमिल, बांग्ला और अन्य भाषाओं के बिना कोई भारत नहीं हो सकता।



#### ईडी, CBI, आईटी सरकार के हथियार

राहुल गांधी ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय, सीबीआई और आईटी का इस्तेमाल केंद्र राजनीतिक हथियार के रूप में कर रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयुक्तों का प्रधानमंत्री चयन कर रहे हैं। चुनाव से दो महीने पहले कांग्रेस पार्टी के बैंक खाते फ्रीज कर दिए जाते हैं। सीएम को गिरफ्तार किया जाता है। विपक्षी नेताओं को धमकी दी जाती है। राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को केवल इस बात की परवाह है कि इस देश के वित्त और संचार प्रणाली पर उनका एकाधिकार है।

#### एमएसपी की देंगे कानूनी गारंटी

राहुल गांधी ने कहा कि हमने तय किया है कि हम किसानों को कानूनी एमएसपी की गारंटी देंगे। उन्होंने कहा कि हम भारत के किसानों को कृषि ऋण माफी देंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने इस देश के मछुआरों को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया है। वह उनके बारे में सोचते भी नहीं हैं, लेकिन मछुआरे हमारे लिए किसानों से कम नहीं हैं। वे बड़ा जोखिम उठाते हैं और भोजन उपलब्ध कराते हैं। इसलिए हम किसानों के लिए घोषणापत्र लेकर आएंगे। जिसमें हम मछुवारों को नाव के डीजल के लिए सब्सिडी दी जाएगी। साथ उनकी नाव का बीमा कराया जाएगा। इसके साथ ही क्रेडिट कार्ड भी दिया जाएगा।

#### PM की राजनीति बचकाना व थकाऊ

**नई दिल्ली ।** कांग्रेस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनाव से पहले घबराए हुए हैं। इसलिए वे हर दिन एक नया मोड़ ढूंढने की कोशिश कर रहे हैं। दरअसल, पीएम मोदी ने शुक्रवार को विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा था कि नवरात्रि और सावन के दौरान विपक्षी नेता मीट खाने का वीडियो साझा कर बहुसंख्यक समुदाय को चिढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं।

---

#### जीतन मांझी ने चिराग को बताया बिहार का भविष्य



**पटना/गया।** बिहार में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सियासी पारा हाई है। सभी पार्टियों के नेता प्रचार में जुटे हुए हैं। इस सबके बीच शुक्रवार को जीतन राम मांझी ने चिराग पासवान को लेकर बड़ा एलान कर दिया। उन्होंने चिराग पासवान के सामने ही उन्हें 'बिहार का भविष्य' बताया। मांझी ने गया में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमें इस चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी और नीतीश कुमार के हाथों को मजबूत करना है। मांझी ने कहा कि केंद्र में जाकर हम परिस्थिति बनाएंगे कि बिहार का भविष्य चिराग साहब हैं। सब लोग एक होकर वोट करेंगे। जातीय उन्माद में नहीं पड़ेंगे। इससे पहले, मांझी ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव प्रधानमंत्री मोदी का चुनाव है। अबकी बार 400 पार का नारा दिया गया है। बिहार में हम लोग 40 की 40 सीटें जीतेंगे। मांझी ने जनसभा में 4 का संयोग भी बताया।

#### सीएम मान 15 को करेंगे केजरीवाल से मुलाकात



**नई दिल्ली।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से तिहाड़ जेल में मुलाकात करने की अनुमति मिल गई है। मान 15 अप्रैल को केजरीवाल से मुलाकात करेंगे। इससे पहले 10 अप्रैल को अरविंद केजरीवाल से भगवंत मान और संजय सिंह मिलने वाले थे। हालांकि, जेल प्रशासन की तरफ से सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए मुलाकात की इजाजत नहीं दी गई। केजरीवाल दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े मामले में 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में जेल में बंद हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी ने जम्मू कश्मीर के उधमपुर में सभा में कहा...

# J&K को फिर मिलेगा राज्य का दर्जा, जल्द होंगे विस चुनाव

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू कश्मीर को फिर से राज्य का दर्जा देने की बात कही है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर में जल्द विधानसभा चुनाव होंगे। उन्होंने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों को संविधान का अनुच्छेद 370 वापस लाने की चुनौती दी, जिसे अगस्त 2019 में भाजपा नीत केंद्र सरकार द्वारा निरस्त कर दिया गया था। उन्होंने यह भी दावा भी किया कि पिछले तीन दशकों में अलगाववादियों द्वारा चलाए गए चुनाव बहिष्कार अभियान अब इतिहास बन गए हैं।

पीएम मोदी ने शुक्रवार को एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए यह बात कहीं। उधमपुर लोकसभा सीट से चुनावी जीत की हैट्रिक लगाने की कोशिश कर रहे केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह के समर्थन में इस रैली का आयोजन किया गया था। उन्होंने लोगों से कहा कि वह समय दूर नहीं जब आप अपने विधायक-मंत्रियों से अपने सपने साझा कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में दशकों बाद यह पहला चुनाव है, जब आतंकवाद, अलगाववाद, पत्थरबाजी, सीमा पार से गोलीबारी जैसे मुद्दे नहीं हैं। उन्होंने कहा कि माता वैष्णो देवी यात्रा हो या अमरनाथ यात्रा, ये सुरक्षित तरीके से कैसे हों इसको लेकर पहले चिंता होती थी। आज स्थिति बदल गई है। आज यहां विकास भी हो रहा है और विश्वास भी बढ़ रहा है। यहां चप्पे-चप्पे पर एक ही गूंज सुनाई दे रही है- फिर एक बार मोदी सरकार।

मोदी ने कहा कि उन्होंने जम्मू कश्मीर के लोगों की लंबी पीड़ा को खत्म करने का अपना वादा पूरा किया है। लोगों के आशीर्वाद से उन्होंने उस गारंटी को पूरा किया है। दशकों बाद यह चुनाव आतंकवाद, अलगाववाद, पथराव, हड़ताल और सीमापार आतंकवाद के डर के बिना हो रहे हैं, जो अब चुनावी मुद्दे नहीं हैं। वैष्णो देवी और अमरनाथ यात्रियों की सुरक्षा को लेकर चिंता रहती थी, लेकिन हालात एकदम बदल गए हैं। जम्मू-कश्मीर में विकास हो रहा है।

■ अनुच्छेद 370 वापस लाने की विपक्ष को दी चुनौती




#### वंशवादियों ने जम्मू कश्मीर को सबसे ज्यादा पहुंचाया नुकसान

पीएम मोदी ने कहा, वंशवादी व्यवस्था वाले परिवारों ने किसी और की तुलना में जम्मू-कश्मीर को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया है। ये पार्टियां परिवार की होती हैं, परिवार के लिए होती हैं और परिवार द्वारा संचालित होती हैं और ये वही हैं जिन्होंने अनुच्छेद 370 की दीवार खड़ी की। उन्होंने एक भ्रम पैदा किया कि केवल अनुच्छेद 370 ही यहां के लोगों के जीवन की रक्षा कर सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा, आपके आशीर्वाद से मोदी ने न केवल इस दीवार को गिराया है, बल्कि इसके मलबे को भी दफना दिया है। मैं विपक्षी दलों, खासकर कांग्रेस को चुनौती देता हूं कि वे यह घोषणा करें कि वे अनुच्छेद 370 को वापस लाएंगे। देश उनके चेहरे तक को नहीं देखेगा।

#### बन रहे हैं एम्स और आईआईटी

उन्होंने कहा, हमारे सैनिकों की माताओं को अब पथराव को लेकर कोई चिंता नहीं है। घाटी की माताएं मुझ पर आशीर्वाद बरसा रही हैं क्योंकि उन्हें अब इस बात की चिंता नहीं है कि उनके बेटे गलत हाथों में पड़ जाएंगे। वे आराम से सो रहे हैं। अब पुल नहीं जल रहे हैं, जबकि आधुनिक सुरंगों, चौड़ी सड़कों और रेलवे यात्रा के साथ नए एम्स, आईआईटी और आईआईएम बन रहे हैं, जो जम्मू-कश्मीर का भाग्य बन रहे हैं।

#### समाज के सभी वर्गों के लिए न्याय सुनिश्चित हुआ

मोदी ने कहा कि कुछ राजनीतिक दलों को लगता था कि अनुच्छेद 370 को रद्द करने से क्षेत्र आग में जल जाएगा और जम्मू कश्मीर देश से अलग हो जाएगा। क्षेत्र के युवाओं ने उन्हें आईना दिखाया है। जम्मू-कश्मीर में मेरी बहनों और बेटियों से पूछिए कि अपने अधिकारों के लिए कौन तरस रहा था? वे जानते हैं कि उनके भाई और उनके बेटे ने उन्हें उनके अधिकार दिए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि अनुच्छेद 370 के निरस्त होने से समाज के विभिन्न वर्गों के लिए न्याय सुनिश्चित हुआ और उन्हें आजादी के बाद पहली बार अपने संवैधानिक अधिकार मिले।

#### आतंकवादियों और भ्रष्टाचारियों पर कसा घेरा

पीएम मोदी ने कहा कि सड़क, बिजली, पानी, यात्रा, प्रवास ये सब तो है ही, लेकिन सबसे बड़ी बात है कि जम्मू कश्मीर का मन बदला है। निराशा से आशा की ओर बढ़े हैं, जीवन पूरी तरह विश्वास से भरा हुआ है। 10 साल में हमने आतंकवादियों और भ्रष्टाचारियों पर घेरा बहुत कसा है। अब आने 5 सालों में इस क्षेत्र को विकास की नई ऊंचाई पर ले जाना है। ज्ञात रहे कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने पांच अगस्त 2019 को पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त कर दिया था । पीएम मोदी ने अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को समाप्त करने के सरकार के फैसले का जिक्र करते हुए कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों को इस प्रावधान वापस लेने की चुनौती दी और कहा कि 'वे ऐसा नहीं कर सकते'।

#### कांग्रेस पर साधा निशाना

प्रधानमंत्री ने शाहपुर-कांडी बांध के पूरा होने में देरी के लिए कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा, रावी नदी का पानी पाकिस्तान में बह रहा है जबकि सांबा और कठुआ में हमारे किसान कष्ट झेल रहे हैं। मोदी ने किसानों को दी गई गारंटी को पूरा किया क्योंकि बांध के पूरा होने से हजारों लोगों को फायदा होने वाला है, जिससे यहां के घर भी रोशन होंगे।

#### नॉनवेज के वीडियो को लेकर पीएम ने किया प्रहार

राजद नेता तेजस्वी यादव के नवरात्रि के दौरान मछली खाने वाले वायरल वीडियोके मामले को पीएम मोदी ने भी चुनावी जनसभा में जोर-शोर से उठाया है। उन्होंने तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए कहा, नवरात्रि के दिनों में नॉनवेज खाने का वीडियो दिखाकर, लोगों की भावनाओं को चोट पहुंचाकर ये किसको खुश करने का खेल कर रहे हैं। पीएम ने राहुल गांधी का नाम लिए बगैर कहा कि सावन के महीने में एक सजायाफ्ता मुजरिम के घर जाकर वो मटन बना रहे थे। ये लोग ऐसा जानबूझकर ऐसा करते हैं, ताकि देश की मान्यताओं पर हमला हो। उन्होंने कहा, 'कानून और मोदी किसी को कुछ भी खाने से नहीं रोकते हैं। सबको स्वतंत्रता है कि जब मन करे वेज और नॉनवेज खाएं। लेकिन इन लोगों की मंशा ऐसा विडियो बनाकर देश के लोगों को चिढ़ाने की होती है।

### मंत्री आतिशी ने लगाया आरोप

# दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगने की हो रही है साजिश

एजेंसी | नई दिल्ली



दिल्ली की मंत्री आतिशी मार्लेना ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि केजरीवाल सरकार को गिराकर राष्ट्रपति शासन लगाने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने उपराज्यपाल के द्वारा गृह मंत्रालय को लिखे गए पत्र पर भी आपत्ति जताई।

आतिशी ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा, अरविंद केजरीवाल की सरकार के खिलाफ एक बहुत बड़ा राजनीतिक षडयंत्र तैयार किया जा रहा है। दिल्ली में पिछले कई दिनों से किसी भी अफसर की पोस्टिंग नहीं हो रही है। कई विभाग खाली हैं। उप राज्यपाल पिछले एक हफ्ते से गृह मंत्रालय को बिना किसी कारण दिल्ली सरकार के खिलाफ चिट्ठी लिख रहे हैं। एक 20 साल पुराने केस को उठाकर दिल्ली के मुख्यमंत्री के सचिव को बर्खास्त कर दिया गया। ये सब बताता है कि दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने की साजिश हो रही है।

#### केजरीवाल को नहीं हरा सकती भाजपा

आतिशी ने कहा, भाजपा को पता है कि चाहे वे कितना भी जोर लगा लें, वे दिल्ली में अरविंद केजरीवाल को हरा नहीं सकते। दिल्ली के लोग केजरीवाल से प्यार करते हैं, दिल्ली के लोग आम आदमी पार्टी को पसंद करते हैं और दिल्ली के लोग भाजपा की हरसंभव कोशिश के बाद आप को ही वोट देते हैं। ये(भाजपा) दिल्ली में चुनाव जीतने वाले नहीं है, इसलिए ये साजिश कर रहे हैं कि दिल्ली की चुनी हुई अरविंद केजरीवाल की सरकार को गिराया जाए। आतिशी की टिप्पणी पर भाजपा नेता मनोज तिवारी ने कहा है कि आम आदमी पार्टी नेता हमेशा नए-नए सनसनीखेज बयान देते रहते हैं। उन्हें कोई बयान देने की बजाय इस बात पर विचार करना चाहिए कि दिल्ली का प्रशासन कैसे सुचारु रूप से चलाया जाए, जिससे जनता के कार्यों में कोई परेशानी न आए।

### पश्चिम बंगाल में चुनाव रैली में ममता ने घेरा

## भाजपा कर रही है केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग: ममता

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा पर चुनाव आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। इसके साथ ही उन्होंने चुनाव आयोग से सभी पार्टियों को समान अवसर सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा अपने राजनीतिक लाभ के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। कूचबिहार और अलीपुरद्वार में रैली के दौरान ममता बनर्जी का भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि, लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा अपने राजनीतिक एजेंडा के लिए ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग का इस्तेमाल कर रही है।

ममता बनर्जी ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम पर कहा कि सीएए वैध नागरिकों को विदेशी बनाने का एक जाल है। एक बार जब आप सीएए लागू कर देंगे तो एनआरसी भी लागू हो जाएगा। पश्चिम बंगाल में हम सीएए और एनआरसी दोनों ही लागू होने नहीं देंगे।

---

### जम्मू-कश्मीर : लोकसभा चुनावों के लिए सज रही है चुनावी चौसर

# बारामूला से चुनाव लड़ेंगे उमर, श्रीनगर से शिया नेता मेहदी मैदान में

एजेंसी | श्रीनगर

नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) ने कश्मीर घाटी की तीनों संसदीय सीटों पर अपने पत्ते खोल दिए हैं। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला बारामूला लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने शुक्रवार को यहां संवाददाताओं से बातचीत के दौरान यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि आगा सैयद रुहुल्ला मेहदी मध्य कश्मीर के श्रीनगर निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। रुहुल्ला मेहदी प्रदेश के प्रभावशाली शिया नेता हैं और वे राज्य के पूर्व कैबिनेट मंत्री हैं। मध्य कश्मीर की बडगाम सीट से वह तीन बार विधायक रह चुके हैं। इससे पहले नेशनल कॉन्फ्रेंस अनंतनाग-राजोरी सीट से मियां अल्ताफ अहमद लारवी को चुनाव मैदान में उतारने की घोषणा कर चुकी है।



जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) गठबंधन में है। दोनों पार्टियों में सीटों के बंटवारे पर सहमति हो चुकी है और वे तीन-तीन सीटों पर चुनाव लड़ेंगी। नेशनल कॉन्फ्रेंस ने कश्मीर घाटी के तीन सीटों पर उम्मीदवार उतारने की घोषणा कर दी है। कांग्रेस के खाते में जम्मू संभाग की दो और लद्दाख की एक सीट है। जम्मू संभाग की दी सीटों में शामिल उधमपुर पर चौधरी लाल सिंह और जम्मू सीट पर रमण भल्ला कांग्रेस की तरफ से चुनाव लड़ रहे हैं। लद्दाख की सीट पर अभी कांग्रेस की तरफ से उम्मीदवार की घोषणा नहीं की गई है।

ज्ञात रहे कि श्रीनगर संसदीय क्षेत्र को नेशनल कॉन्फ्रेंस विशेषकर अब्दुल्ला परिवार का मजबूत गढ़ माना जाता है। इसी संसदीय सीट से उमर अब्दुल्ला तीन बार चुनाव जीते हैं। उनके पिता डॉ. फारूक अब्दुल्ला और उनकी दादी बेगम अकबर जहां भी इसी सीट से सांसद निर्वाचित हो चुकी हैं।

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार उमर अब्दुल्ला की उम्मीदवारी की घोषणा के साथ यह साफ हो गया है कि उत्तरी कश्मीर में अब मुख्य मुकाबला उमर और पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के चेयरमैन सज्जाद गनी लोन में देखने को मिलेगा। बारामूला-कुपवाड़ा संसदीय सीट पर कांग्रेस के सहयोग और गुज्जर-बक्करवाल समुदाय में पुरानी पकड़ को देखते हुए नेशनल कॉन्फ्रेंस की स्थिति को मजबूत माना जा रहा है।

#### पूर्व सीएम उमर अब्दुल्ला का आरोप

## सरकार के मामलों में पारदर्शिता नहीं

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि इस समय देश में अघोषित आपातकाल है और सरकार के मामलों में कोई पारदर्शिता नहीं है।



उमर ने श्रीनगर में पार्टी मुख्यालय में मीडिया से बात करते हुए यह आरोप लगाया। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को वंशवाद की राजनीति से कोई दिक्कत नहीं है और जब भी वह वंशवाद की राजनीति का जिक्र करते हैं तो असल में उनका मतलब उन लोगों से होता है, जो उनका विरोध करते हैं। उन्होंने कहा,आगामी लोकसभा चुनाव के लिए उनके (भाजपा के) उम्मीदवारों की सूची में बड़ी संख्या में राजनीतिक परिवारों के लोग शामिल हैं। उमर ने कहा, पीएम मोदी ने यह कहकर हम पर कोई एहसान नहीं किया है।

सुप्रीम कोर्ट ने पहले ही आदेश दिया है कि जम्मू-कश्मीर में चुनाव 30 सितंबर से पहले कराए जाने चाहिए।

## जरूरी खबर

### मणिपुर में दो पक्षों में गोलीबारी, एक व्यक्ति घायल

**नई दिल्ली।** मणिपुर में एक बार फिर हिंसक घटनाएं देखने मिली है। शुक्रवार को ग्रामीण स्वयंसेवक और अज्ञात समूह लोगों के बीच गोलीबारी हुई, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस अज्ञात हमलावारों को खोज रही है। राज्य के थौबल जिले के हिरोक गांव के पास अज्ञात लोगों के समूह ने गोलीबारी करना शुरू कर दिया। इस पर सशस्त्र ग्रामीण स्वयंसेवकों ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए गोलीबारी शुरू कर दी। इस बीच, गांव के एक स्वयंसेवक निंगथौंजम जेम्स सिंह को गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया। इस घटना से आसपास के लोगों मे अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद से पूरे इलाके में सन्नाटा पसरा हुआ है, बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सब घरों में कैद हैं। पुलिस इलाके के आस-पास छानबीन कर रही है, वहीं स्थानीय लोगों से भी पूछताछ कर रही है। सुबह हुई गोलीबारी की आवाज से स्थानीय लोग भी सदमे में हैं।

### म्यांमार: वाणिज्य दूतावास कर्मियों को यांगून भेजा



**नई दिल्ली।** म्यांमार में लोकतंत्र की बहाली की मांग को लेकर हिंसक विरोध प्रदर्शन के बीच भारत ने सिटवे में स्थित अपने वाणिज्य दूतावास से कर्मचारियों को यांगून में शिफ्ट कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत म्यांमारकी स्थिति पर करीब से नजर रख रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि मांडले में भारतीय वाणिज्य दूतावास काम कर रहा है। तीन भारतीय युवकों के अपहरण की खबरों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि भारतीय दूतावास इस मामले पर काम कर रहा है और उम्मीद है कि जल्द उनकी घर वापसी होगी।

### PDS घोटाला: पूर्व मंत्री व दो अन्य की संपत्तियां कुर्क

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को कहा कि उसने पीडीएस राशन 'घोटाले' से जुड़े धनशोधन मामले में पश्चिम बंगाल के पूर्व खाद्य मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक और दो अन्य से जुड़ी 150 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति कुर्क की है। ये दो अन्य आरोपी मल्लिक के कथित सहयोगी बकीबुर रहमान और तृणमूल नेता शंकर आध्या हैं। इस मामले में संघीय जांच एजेंसी ने तीनों को गिरफ्तार किया है। ईडी ने एक बयान में कहा है कि कुर्क की गई संपत्तियों में विभिन्न व्यक्तियों और संस्थाओं की 48 अचल संपत्तियां शामिल हैं।

## उपराष्ट्रपति ने किया पुस्तक का लोकार्पण



नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को वाइस प्रेजिडेंट्स एंक्लेव में आयोजित एक कार्यक्रम में लॉ एंड स्पिरिच्युअलिटी: रिकनेक्टिंग द बॉन्ड पुस्तक का लोकार्पण किया।

## भारत ने तुर्की की कंपनी के साथ खत्म किया करार

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने भारतीय नौसेना के जहाजों के लिए काम कर रहीं तुर्की की कंपनियों के साथ करार को खत्म कर दिया है। इससे तुर्की को बड़ा आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा है। जहाजों के बेड़ों को अब पूरी तरह भारत में ही बनाया जाएगा और इसका ठेका हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड को दिया गया है। पांच फ्लीट सपोर्ट जहाजों में से पहले का स्टील-कटिंग समारोह रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने की उपस्थिति में विशाखापत्तनम में आयोजित किया गया था। पिछले साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति ने पांच बड़े आकार के नौसैनिक जहाजों के निर्माण के लिए लगभग 22,000 करोड़ रुपए के अनुबंध को मंजूरी दी थी। रक्षा अधिकारियों ने बताया, एचएसएल ने डिजाइन परामर्श के लिए एक तुर्की फर्म के साथ समझौता किया था, लेकिन सीसीएस द्वारा अनुबंध को मंजूरी दिए जाने से पहले इसे रद्द कर दिया गया था। परियोजना से तुर्की की कंपनी को हटाया जाना ऐसे कई उदाहरणों की पृष्ठभूमि में आया है।

## HAL के लिए 65000 करोड़ का टेंडर जारी, 3 माह में मांगा जवाब

# वायुसेना के लिए खरीदे जाएंगे 97 LCA मार्क-1ए लड़ाकू जेट्स

एजेंसी | नई दिल्ली

रक्षा मामलों में आत्मनिर्भरता की दिशा में सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। भारतीय वायु सेना के लिए 97 और लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) मार्क-1ए खरीदने के लिए रक्षा मंत्रालय ने टेंडर जारी कर दिया है। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के लिए जारी टेंडर की कीमत 65 हजार करोड़ रुपए से अधिक होने की उम्मीद है। यह स्वदेशी सैन्य हार्डवेयर के लिए सबसे बड़ा ऑर्डर होगा, क्योंकि 83 एलसीए मार्क-1ए के लिए पिछला ऑर्डर 48 हजार करोड़ रुपए का था।

रक्षा मंत्रालय ने भारत की सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड को 65 हजार करोड़ का टेंडर जारी किया है। इसके तहत एचएएल से और 97 एलसीए मार्क 1ए लड़ाकू विमान खरीदे जाएंगे। यह भारत सरकार द्वारा स्वदेशी सैन्य



हार्डवेयर के लिए दिया गया सबसे बड़ा ऑर्डर हो सकता है। न

रक्षा मंत्रालय ने एचएएल को टेंडर पर जवाब देने के लिए तीन महीने का समय दिया है। अगर यह डील हो जाती है तो इससे वायुसेना के मिग-21, मिग-23 और मिग-27 जैसे लड़ाकू विमानों की जगह भारत में बने एलसीए मार्क 1ए लड़ाके विमान लेंगे। मिग श्रृंखला के विमान जल्द ही वायुसेना से रिटायर हो जाएंगे। स्वदेशी हथियारों को बढ़ावा देने की दिशा में इसे बेहद अहम कदम माना जारहा है।

### 83 एलसीए मार्क 1ए का पहले ही दिया जा चुका है ऑर्डर

वायुसेना एचएएल को 83 एलसीए मार्क1ए लड़ाकू विमानों की खरीद का ऑर्डर पहले ही दे चुकी है, जिसके तहत पहला फाइटर जेट कुछ ही हफ्तों में वायुसेना को मिल जाएगा। एलसीए मार्क 1ए, तेजस एयरक्राफ्ट का आधुनिक संस्करण है। हाल ही में वायुसेना अध्यक्ष ने स्वदेशी लड़ाकू विमानों के कार्यक्रम को लेकर समीक्षा बैठक भी की थी, जिसमें एचएएल के अधिकारी भी शामिल हुए थे।

### 17,000 फीट की ऊंचाई पर किया अभ्यास

सिक्किम में भारत-चीन सीमा पर सेना की त्रिशक्ति कोर ने 17,000 फीट की ऊंचाई पर सुपर हाई-एल्टीट्यूड एरिया में एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल (एटीजीएम) दागने का अभ्यास किया। अभ्यास में पूर्वी कमान की सभी मैकेनाइज्ड और इन्फैंट्री इकाइयों की मिसाइल फायरिंग टुकड़ियों ने भाग लिया। इस अभ्यास को 'एक मिसाइल एक टैंक' का नाम दिया। गुवाहाटी में रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि सेना की एटीजीएम टुकड़ियों ने इस अभ्यास के दौरान बख्तरबंद वाहनों के खतरों को बेअसर करने की क्षमता का प्रदर्शन किया। अभ्यास के दौरान युद्ध की परिस्थितियों को बीच चल ऑब्जेक्ट को निशाना बनाया गया।सूत्रों के अनुसार चीन के साथ सीमा पर जार तनाव पूर्ण हालात के मद्देनजर इस अभ्यास को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### भारत-उज्बेकिस्तान के बीच होगा संयुक्त सैन्य अभ्यास 15 से

भारत और उज्बेकिस्तान की सेनाएं 15 अप्रैल से संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू करेंगी। दोनों देशों की सेनाओं के बीच होने वाले दुस्तलिक युद्धाभ्यास का यह पांचवां संस्करण है। इस बार यह संयुक्त युद्धाभ्यास उज्बेकिस्तान के तरमेज जिले में होगा। यह युद्धाभ्यास 15 से 28 अप्रैल 2024 तक चलेगा।

## पेरिस ओलंपिक-2024

# मैरी कॉम का शेफ-डी-मिशन पद से इस्तीफा





एजेंसी | नई दिल्ली

भारत की दिग्गज मुक्केबाज और छह बार की विश्व चैंपियन मैरी कॉम ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए आगामी पेरिस ओलिंपिक 2024 के लिए भारत के शेफ-डी-मिशन (दल के प्रमुख)के पद से इस्तीफा दे दिया है। मैरी कॉम ने निजी कारणों का हवाला देते हुए कहा कि उनके पास इसके अलावा कोई विकल्प नहीं है। मैरी कॉम को इस साल 21 मार्च को भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने शेफ-डी-मिशन के रूप में नियुक्त किया था।

ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मैरी कॉम ने उन्हें पत्र लिखकर इस जिम्मेदारी से मुक्त करने के लिए कहा है। मैरी कॉम ने पत्र में कहा है कि देश की किसी भी रूप में सेवा करना गर्व की बात है और मैं इसके लिए मानसिक रूप से तैयार थी, लेकिन मुझे खेद है कि मैं यह जिम्मेदारी नहीं उठा सकूंगी। मैं निजी कारणों से पीछे हट रही हूं। मैं इस तरह से पीछे हटने से शर्मिंदा हूं क्योंकि मैं ऐसा करती नहीं हूं, लेकिन मेरे पास कोई विकल्प नहीं है। मैं ओलंपिक खेलों में भाग ले रहे अपने खिलाड़ियों की हमेशा हौसलाअफजाई करती रहूंगी। उषा ने अपने बयान में कहा, हम उनके फैसले और निजता का सम्मान करते हैं। मैं उनके अनुरोध को समझती हूं और उनके फैसले का सम्मान करती हूं। मैं सभी से उनकी निजता का सम्मान करने का अनुरोध करती हूं।

**नए प्रमुख की घोषणा जल्द** :उषा ने कहा, जरूरी परामर्श के बाद जल्द ही मैरी कॉम के प्रतिस्थापन के बारे में घोषणा की जाएगी।

## बेंगलुरु विस्फोट मामले में मिली बड़ी सफलता

# मास्टरमाइंड समेत दो आरोपी अरेस्ट

एजेंसी | कोलकाता/ बेंगलुरु

एनआइए ने बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में गत एक मार्च को हुए विस्फोट की घटना के दो आरोपियों को शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर के कांथी से गिरफ्तार किया गया है। इनके नाम अब्दुल मथीन अहमद ताहा व मुसाविर हुसैन शजीब है। पकड़े गए आरोपियों में से अब्दुल मथीन अहमद ताहा इस विस्फोट कांड को अंजाम देने वाला शख्स है। वहीं, मुसाविर हुसैन शाजिब को इस घटना का मास्टरमाइंड माना जाता है। दोनों यहां नाम बदलकर रह रहे थे। एनआईए ने कहा कि ताहा और शाजिब दोनों शिवमोग्गा जिले के तीर्थहल्ली के निवासी हैं।

केंद्रीय एजेंसी को संदेह है कि इनका संबंध आईएसआई से भी हो सकता है। ज्ञात रहे कि इस घटना में 10 लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। दोनों आरोपियों के इस्लामिक स्टेट (आईएस) के शिवमोग्गा मॉड्यूल से जुड़े होने की बात सामने आई है।एजेंसी ने अपने आरोप पत्र में कहा कि दोनों कर्नाटक में सबसे वांछित आतंकवादी समूहों में से एक कुख्यात तीर्थहल्ली मॉड्यूल के प्रमुख व्यक्तियों में से एक हैं।

## कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स का निर्माण

# पाकिस्तान में फिर गिराया गया हिंदू मंदिर

एजेंसी | नई दिल्ली / पेशावर

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में अफगानिस्तान सीमा के पास एक ऐतिहासिक हिंदू मंदिर को गिरा दिया गया है और उस स्थान पर एक कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स का निर्माण शुरू हो गया है। यह मंदिर 1947 में देश के विभाजन के समय से बंद था जब वहां के मूल निवासी भारत चले गए थे। यह मंदिर खैबर जिले के सीमावर्ती शहर लैंडी कोटाल बाजार में स्थित था, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में यह धीरे-धीरे लुप्त होता जा रहा था। इस स्थान पर निर्माण करीब 10-15 दिन पहले शुरू हुआ था। विभिन्न प्रशासनिक विभागों के अधिकारियों ने या तो हिंदू मंदिर के अस्तित्व के बारे में जानकारी होने से इनकार किया या दावा किया कि निर्माण नियमों के अनुसार हो रहा है। लैंडी कोटाल निवासी प्रमुख कबायली पत्रकार इब्राहिम शिनवारी ने दावा किया कि मुख्य लैंडी कोटाल बाजार में एक ऐतिहासिक मंदिर था।

### सहायक आयुक्त बोले-रिकॉर्ड में उल्लेख नहीं

वहीं, डॉन अखबार ने लैंडी कोटाल के सहायक आयुक्त मुहम्मद इरशाद के हवाले से कहा कि खैबर कबायली जिले के आधिकारिक भूमि रिकॉर्ड में मंदिर का कोई उल्लेख नहीं है। उन्होंने मंदिर गिराये जाने के बारे में अनभिज्ञता प्रकट की। उन्होंने कहा, लैंडी कोटाल बाजार में पूरी जमीन राज्य की थी। लैंडी कोटाल के पटवारी जमाल आफरीदी ने दावा किया कि उन्हें मंदिर स्थल पर निर्माण गतिविधि की जानकारी नहीं है।

## सोशल मीडिया के गलत तथ्य पेश करने पर सुप्रीम कोर्ट नाराज...कहा...

# लंबित मामलों पर टिप्पणी-लेख-संदेश नहीं किए जा सकते हैं बर्दाश्त: SC

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने अदालत में पेंडिंग मामलों में सोशल मीडिया के दुरुप्रयोग पर चिंता जताई है। कोर्ट ने कहा है कि जो मामले पेंडिंग हैं, उन पर सोशल मीडिया में मैसेज, कमेंट और आर्टिकल लिखे जा रहे हैं। जिन पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। ये झूठी खबरें कोर्ट की कार्रवाई में बाधा डालती हैं जो बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अनिरुद्ध बोस और बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने फेसबुक पर किए गए पोस्ट का संज्ञान लेते हुए उसके खिलाफ अवमानना की



कार्रवाई शुरू कर दी। दरअसल उस फेसबुक पोस्ट में लिखा था कि सुप्रीम कोर्ट ने उनके पक्ष में फैसला सुनाया था। हालांकि सच तो ये था कि कोर्ट ने कार्रवाई पूरी होने के बाद फैसले को सुरक्षित रख लिया था इसलिए अदालत में मामला लंबित रहा है। कोर्ट ने इस पोस्ट पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कहा कि यह गंभीर चिंता का विषय है। आजकल सोशल मीडिया का दुरुप्रयोग काफी अधिक हो रहा है। कोर्ट में लंबित मामलों के संबंध में संदेश, टिप्पणियां, लेख पोस्ट जा रहे हैं।

### कोर्ट के अधिकारों को कमजोर करने की सोच

पीठ ने कहा कि हमारे कंधे अभी भी दोषों और आलोचना को सहने के लिए काफी चौड़े हैं लेकिन कोर्ट में लंबित पड़े मामलों को सोशल मीडिया पर जो टिप्पणी और प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। वो प्रतिक्रियाएं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार की आड़ में अदालत के अधिकारों को कमजोर करने की सोच से की गई होती हैं।इन पर गंभीर विचार होना चाहिए।

### टिप्पणी या संदेश पोस्ट करने के अधिकार का नहीं कर सकते दावा

सुनवाई करते हुए कोर्ट ने संकेत दिया कि कोई भी लोगों को गुमराह करने के लिए तथ्यों को विकृत करके और कार्यवाही के सही तथ्यों का खुलासा न करके सोशल मीडिया पर टिप्पणी या संदेश पोस्ट करने के अधिकार का दावा नहीं कर सकता है। जब किसी भी पक्ष द्वारा कार्यवाही को नुकसान पहुंचाने या न्याय के प्रशासन के मार्ग में हस्तक्षेप करने का प्रयास किया जाता है तो मामले को और अधिक गंभीरता से लेने की आवश्यकता है।

# संभावना पर दोषमुक्ति रद्द नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अपीलीय न्यायालय किसी मामले में केवल संभावना के आधार पर दोषमुक्ति के आदेश को नहीं पलट सकता है।

शीर्ष न्यायालय में जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुयन की पीठ ने कहा कि अपीलीय न्यायालय में प्रस्तुत रिकार्ड से जब तक यह पता न चले कि दोषमुक्त करार दिया व्यक्ति दोषी हो सकता है, तब तक दोषमुक्ति के आदेश में हस्तक्षेप न किया जाए। पीठ ने कहा कि अगर व्यक्ति को दोषी ठहराने वाला साक्ष्य उपलब्ध नहीं है तो अपीलीय न्यायालय उसकी दोषमुक्ति के आदेश को बदल नहीं सकता है।

सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात के हत्या के जिस मामले में यह व्यवस्था दी है उसमें पांच जुलाई, 1997 को सत्र न्यायालय ने आरोपित को दोषमुक्त करार दिया था। जबकि हाईकोर्ट ने 14 दिसंबर, 2018 के आदेश में दोषमुक्त व्यक्ति को दोषी करार दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा है।



अपीलीय न्यायालय यदि दोषमुक्ति के आदेश को पलटता है और बरी हुए व्यक्ति को दोषी ठहराता है तो उसके लिए न्यायालय को साक्ष्य आधारित ठोस कारण बताना होगा।

वर्ल्ड हेरिटेज डे

## वैक्स म्यूजियम में स्थापित होगी कोहली की प्रतिमा

# मोम के क्रिकेट किंग! जयपुर के म्यूजियम में दिखाएंगे 'विराट' रूप



**बेधड़क.जयपुर।** रन मशीन कहे जाने वाले क्रिकेट किंग विराट कोहली अब वेक्स के रूप में जयपुर में ही रहेंगे। ऐसे में जयपुराइट्स के साथ देश-दुनिया से आने वाले क्रिकेट प्रेमी और सैलानी उनकी हूबहू झलक पास से देख सकेंगे। जी हां ऐसा इसलिए होगा, क्योंकि विराट का मोम से बना पुतला नाहरगढ़ के जयपुर वैक्स म्यूजियम में सजाया जाएगा। 18 अप्रैल को वर्ल्ड हेरिटेज डे के अवसर पर स्थापित होने वाले वेक्स स्टेच्यू का म्यूजियम प्रशासन ने फर्स्ट लुक जारी किया।

### विशेष रूप से किया जा चुका है कवर

हाल ही में स्टार स्पोर्ट्स की टीम ने भी विराट कोहली के मोम से बने इस पुतले को विशेष रूप से कवर किया, जिसे आईपीएल में दिखाया जाएगा। जयपुर वैक्स म्यूजियम फाउंडर डायरेक्टर अनूप श्रीवास्तव ने बताया कि पिछले 1 साल से पर्यटकों के द्वारा विराट कोहली के स्टेच्यू को बनाने की डिमांड थी। खासकर के छोटे बच्चे और युवा वर्ग का स्ट्रॉन्ग ओपिनियन था कि किंग कोहली का स्टेच्यू म्यूजियम में होना चाहिए। अब चूंकि, विराट बच्चों और युवाओं के लिए एक स्पोर्ट्स आइकन हैं तो अब इससे अच्छा अवसर क्या होगा। जब कोहली विश्व क्रिकेट में उच्चतम स्तर पर पहुंच गए हैं तो हमने भी निर्णय लिया, कि सचिन तेंदुलकर और धोनी के बाद मोम के बने हुए विराट कोहली की आदमकद मूर्ति को जयपुर वैक्स म्यूजियम में स्थापित किया जाए।

### आक्रामक भाव आएगा नजर

चूंकि विराट की छवि मैदान में एक आक्रामक क्रिकेटर की है और इसलिए स्टेच्यू के पोज के लिए उनके आक्रामक भाव को ही चुना गया है। वैक्स फिगर को अनूप श्रीवास्तव के क्रिएटिव डायरेक्टशन में गणेश और लक्ष्मी की जोड़ी ने दो महीने के परिश्रम के बाद तैयार किया है। वैक्स के बने विराट के पुतले का वजन 35 किलोग्राम है, जबकि हाइट 5 फिट 9 इंच है। अनूप ने बताया कि विराट के पुतले की वेश-भूषा को बॉलीवुड डिजाइनर बोध सिंह ने स्पेशल रूप से बनाया गया है।



## हेल्थ के लिए किया अवेयर



**बेधड़क. जयपुर।** शल्य चिकित्सक ऑपरेशन कर रहे थे और डेलीगेट्स के लिए उसका सीधा प्रसारण किया जा रहा था। इसके साथ ही शल्य चिकित्सक हेल्थ के लिए भी अवेयर कर रहे थे। मौका था शुक्रवार से होटल रॉयल ऑर्किड में शुरू हुई राजस्थान स्टेट ईएनटी एसोसिएशन की 41वीं राज्य स्तरीय कॉन्फ्रेंस राज एओआईकॉन-2024 का। कॉन्फ्रेंस के पहले दिन विशेषज्ञ शल्य चिकित्सकों ने थायराइड पैरा थायराइड, पैरोटिड ग्रंथि, स्टेपीज और एंजियो फाईवोमा ट्यूमर के 8 ऑपरेशन किए, जिनका डेलीगेट्स के लिए सीधा प्रसारण किया गया। राजएओआईकॉन-2024 के ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी व सवाई मानसिंह चिकित्सालय जयपुर के कान नाक गला विभाग के वरिष्ठ आचार्य डॉ. पवन सिंघल ने बताया कि राजस्थान के साथ देश भर में थायराइड के मामले बढ़ते जा रहे हैं। इसका बड़ा कारण थायराइड के बचाव और उपचार की संपूर्ण जानकारी का नहीं होना है। राजएओआईकॉन-2024 के लिए अभी तक 310 से अधिक ईएनटी चिकित्सकों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। राज्य स्तरीय कॉन्फ्रेंस में राजस्थान के साथ 5 अन्य राज्यों के पीजी कर रहे विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। कॉन्फ्रेंस में 135 शोध पत्र और पोस्टर प्रस्तुत किए जाएंगे।

## 'रामायण' में पैसे लगाएगा 'रावण'



**बेधड़क. जयपुर।** केजीएफ स्टार यश नितेश तिवारी की रामायण फिल्म में रावण की भूमिका तो निभाएंगे ही साथ ही अब वे इससे सहायक निर्माता के तौर पर भी जुड़ गए हैं। इसके लिए उन्होंने प्राइम फोकस स्टूडियोज के मालिक नमित मल्होत्रा से हाथ मिला लिया है। यश ने कहा कि उनका लंबे समय से लक्ष्य रहा है कि वे ऐसी फिल्में बनाएं जो इंडियन सिनेमा को एक ग्लोबल लेवल पर ले जाए। यश ने कहा कि नमित के साथ उन्होंने फिल्म के वीएफएक्स पर बात की है। नमित ने उन्हें भरोसा दिया कि यह फिल्म विजुअली बहुत रिच होने वाली है। बता दें कि नमित कई एकेडमी अवॉर्ड विनर विजुअल इफेक्ट्स कंपनी डीएनईजी के ग्लोबल सीईओ भी हैं। यश ने कहा-मैं लॉस एंजिल्स में एक वीएफएक्स स्टूडियो के साथ बातचीत कर रहा था। मुझे यह जानकर बहुत आश्चर्य हुआ कि उस स्टूडियो को चलाने वाला एक इंडियन (नमित मल्होत्रा) है। मैंने और नमित ने कई आइडियाज पर बात की। बातचीत में फिल्म रामायण पर भी चर्चा हुई। पता चला कि नमित मल्होत्रा ऑलरेडी इस फिल्म के साथ जुड़े हुए हैं। मैं रामायण के साथ काफी कनेक्टेड रहा हूं। यही सोचकर मैंने फिल्म को को-प्रोड्यूस करने की जिम्मेदारी उठाई।

# City इवेंट्स

## प्राचीन प्रतिमा का होगा महामस्तकाभिषेक



**बेधड़क. जयपुर।** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के 2623वें जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में राजस्थान जैन सभा जयपुर के तत्वावधान में पहली बार भगवान महावीर की संवत 1148 की प्रतिष्ठित प्राचीन अतिशयकारी खड़गासन प्रतिमा के महामस्तकाभिषेक होंगे। सभा अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन व महामंत्री मनीष बैद ने बताया कि आचार्य चैत्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में राजस्थान जैन सभा जयपुर के तत्वावधान में मंदिर समिति के सहयोग से पहली बार गोपालजी का रास्ता स्थित 215 वर्ष प्राचीन श्री दिगंबर जैन मंदिर कालाडेरा (महावीर स्वामी) के मंदिर में रविवार को महावीर की संवत 1148 में प्रतिष्ठित अतिशयकारी व मनोज्ञ खड़गासन प्रतिमा का महामस्तकाभिषेक किया जाएगा।

## जन्म कल्याणक महोत्सव पर 21 को

**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान जैन सभा जयपुर के तत्वावधान में सकल जैन समाज की ओर से भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव पर 21 अप्रैल को भगवान महावीर की विशाल शोभा यात्रा निकाली जाएगी। रामलीला मैदान में धर्म सभा होगी, जहां आचार्य चैत्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में पहली बार दिगम्बर जैन मुनि दीक्षा होगी। समारोह के लिए कई समितियां बनाई गई हैं। तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए शनिवार को भट्टारक जी की नसियां में राजस्थान जैन सभा जयपुर की कार्यकारिणी समिति की बैठक होगी। समारोह के प्रमुख समन्वयक अशोक जैन नेता ने बताया कि शोभा यात्रा व धर्म सभा में शामिल होने के लिए शहर के 250 से अधिक मंदिरों में सभा के पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा सम्भाग स्तर की मीटिंगों के माध्यम से सम्पर्क किया गया। समारोह में जयपुर में विराजमान आचार्य मुनिराजों, आर्यिका माताजी का सानिध्य मिलेगा।

## 'श्रीकांत' के संग भावुक हुए जयपुराइट्स




**बेधड़क. जयपुर।** श्रीकांत बोल्ला की वास्तविक जीवनी पर आधारित फिल्म 'श्रीकांत-आ रहा है सबकी आंखें खोलने' का ट्रेलर लॉन्च खास रहा। श्रीकांत उस समय भावुक हो गए जब उन्हें याद आया कि दिवंगत गुलशन कुमार ने जीवन में उनकी कैसे मदद की थी। यह जयपुराइट्स को भा गया और उन्होंने इसकी खूब तारीफ की है। श्रीकांत ने बताया कि कैसे गुलशन कुमार की टी-सीरीज ऑडियो कैसेट्स ने उन्हें कक्षा 5 से 10 तक की शिक्षा पूरी करने में मदद की। श्रीकांत ने उन कैसेट्स को बार-बार सुना और उन्होंने उनकी अकादमिक सफलता में बड़ी भूमिका निभाई, जिससे उन्हें 98 प्रतिशत का उच्च स्कोर हासिल किया। गुलशन कुमार के बेटे भूषण कुमार भी अपने जीवन पर पिता के प्रभाव के बारे में श्रीकांत की कहानी सुनकर भावुक हो गए। 'श्रीकांत- आ रहा है सबकी आंखें खोलने' को तुषार हीरानंदानी ने डायरेक्ट किया है। भूषण कुमार, कृष्ण कुमार और निधि परमार हीरानंदानी द्वारा निर्मित फिल्म 10 मई को रिलीज होगी।

### जयंती कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन

## मैराथन में दौड़ेंगे बाबा साहेब के विचार और आदर्श मानने वाले



**बेधड़क | जयपुर**

डॉ. अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी की ओर से रविवार को डॉ. बीआर अंबेडकर की जयंती मनाई जाएगी। इस मौके पर सुबह 5 बजे से अंबेडकर रन फॉर यूनिटी फिनिश लाइन संस्था के सहयोग से होगी।

मैराथन में बाबा साहेब के विचार और आदर्शों को मानने वाले सभी वर्ग के लोग हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन शुक्रवार को किया गया। इस दौरान सोसायटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बीएल बैरवा, महासचिव जीएल वर्मा, कोषाध्यक्ष दयानन्द सक्करवाल, मीडिया प्रकोष्ठ संयोजक महेश धावनिया, गुरुप्रसाद लेखरा, प्रशान्त मेहरड़ा, कैलाश सांखला, बुद्धि प्रकाश नारनिया, किर्तिराज हाड़िया, प्रवीण व्यास और नरेश परनामी सहित अनेक लोग मौजूद रहे। सोसायटी महासचिव जीएल वर्मा और मीडिया प्रकोष्ठ संयोजक महेश धावनिया ने बताया कि जयंती समारोह मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा होंगे और कार्यक्रम की अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बेरवा करेंगे। विशिष्ट अतिथि सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, महिला व बाल विकास राज्य मंत्री मंजू बाघमार और समाज के विधायक रहेंगे। समारोह के दौरान 500 व्यक्तियों को 1 लाख रुपए प्रति व्यक्ति व्यक्तिगत दुर्घटना पालिसी का निःशुल्क वितरण किया जाएगा।

### रवींद्र मंच पर हुआ विशेष नाटक का मंचन

## महाराणा की वीरता सामने आई तो युवाओं में जोश भरा



**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर के मंच पर महाराणा प्रताप की वीरता सामने आई तो युवाओं में जोश भर गया। कलाकारों ने जीवंत कला से लोगों को प्रभावित किया। मौका था रवींद्र मंच के 60 वर्ष पूर्ण होने पर हीरक जयंती महोत्सव में कला व संस्कृति विभाग तथा रवींद्र मंच की ओर से टैगोर थिएटर योजना में प्रेरणात्मक नाटक महाराणा प्रताप के मंचन। नाटक के लेखक हरि शर्मा हरीश व निर्देशन जयपुर के युवा रंगकर्मी महेंद्र शर्मा का रहा। उदयपुर के पास उदय सागर की पाल पर महाराणा प्रताप का शिविर लगा है।

महाराणा-अकबर के दूत आमेर के राज कुमार मानसिंह का इंतजार कर रहे हैं, जो अकबर का कोई महत्वपूर्ण संदेश लेकर आ रहे है। यहां से नाटक का प्रारंभ होता हैं। मानसिंह अकबर की अधीनता स्वीकार कर लेने के लिए महाराणा को समझाते बुझाते हैं, लेकिन महाराणा अधीनता स्वीकार नहीं करते और उनमें कुछ तकरार हो जाती है।

इसके बाद हल्दी घाटी का युद्ध होता है और फिर शुरू होता है महाराणा का वन-वन भटकना। 10 वर्ष के वनवास के बाद फिर महाराणा भामाशाह की सहायता से सक्रिए होते हैं और गोगुंदा, दवेर, कुमलगढ़ आदि स्थान जीत लेते हैं। 10 वर्ष का सम्मानपूर्ण सुखी जीवन जीने के बाद 57 वर्ष की आयु में चावंड के महल में प्राण त्याग देते हैं।

**फुले जयंती समारोह** | विद्याधर नगर स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान में कई आयोजन

# समाजसेवियों को ज्योतिबा और सावित्रीबाई फुले सम्मान

**बेधड़क | जयपुर**

महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान विद्याधर नगर परिसर में महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर कई आयोजन हुए। संस्थान महामंत्री पूनमचंद कच्छावाह ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भगवान सहाय सैनी पूर्व विधायक चौमूं रहे और अध्यक्षता संस्थान संरक्षक रामलाल कच्छावा ने की।

विशिष्ट अतिथि पार्षद भंवरलाल मालाकार, गोपाल सैनी ओलंपियन, रविप्रकाश सैनी पार्षद, सीता भाटी कोटा, सीताराम सैनी अकेड़ा डूंगर, हनुमान प्रसाद सैनी, राम नारायण चौहान आदि शामिल हुए।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम में जमाया रंग

ओंकारमल सैनी रिटायर्ड वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने महात्मा ज्योतिबा फुले, सावित्रीबाई फुले के जीवन और कार्यों के संबंध में प्रश्नोत्तरी से जवाब मांगे। लगभग 70 प्रतिशत उत्तर जनसमूह ने सही दिए। सांस्कृतिक कार्यक्रम में देश-विदेश में कत्थक नृत्य की प्रस्तुति देने वाले कलाकार मुरारी भारती सैनी तथा राजस्थान संस्कृति को आगे बढ़ाने वाले हर्षवर्धन सैनी एंड टीम के कलाकारों ने राजस्थान का सामूहिक नृत्य से जनमानस को भाव विभोर किया।




### इनको किया सम्मानित

समारोह में समाजसेवियों को जिला स्तरीय महात्मा ज्योतिबा फुले सम्मान 2024 व सावित्रीबाई फुले सम्मान 2024 दिए गए। देश-विदेश से आए समाजसेवियों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राज्य स्तरीय सामाजिक सेवा के लिए महात्मा ज्योतिबा फुले अवॉर्ड ग्यारसी लाल सैनी, स्त्री शिक्षा कार्य के लिए ज्ञान ज्योति सावित्रीबाई फुले अवॉर्ड रजनी महरवाल को दिया गया। समाज सेवा के लिए ताराचंद चंदेल अवॉर्ड ताराचंद सैनी उपप्रधान नवलगढ़ को व खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए केएल सैनी अवॉर्ड रामस्वरूप सैनी लक्ष्मणगढ़ वालों को दिया गया।



### अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया ने किया शक्ति प्रदर्शन

# पूर्वी चीन सागर में तीन देशों ने किया सैन्य अभ्यास

**एजेंसी** | टोक्यो

अमेरिकी नौसेना ने यूएसएस थियोडोर रूजवेल्ट एयरक्राफ्ट कैरियर के नेतृत्व में अपने सहयोगी देश जापान और दक्षिण कोरिया के साथ पूर्वी चीन सागर में तीन दिवसीय सैन्य अभ्यास किया है। वाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति से जापान और फिलीपींस के नेताओं से मुलाकात के बीच यह अभ्यास किया गया। इस सैन्य अभ्यास का उद्देश्य, क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य गतिविधियों के मद्देनजर साझेदार देशों के बीच एकजुटता को मजबूत करना है। यह अभ्यास ऐसे समय पर हुआ है जब इस पूरे इलाके में तनाव काफी बढ़ा हुआ है।

कैरियर स्ट्राइक ग्रुप नाइन के कमांडर रियर एडमिरल क्रिस्टोफर अलेक्जेंडर ने कहा कि 10 से 12 अप्रैल तक तीन देशों ने समुद्री युद्धाभ्यास और बचाव अभियान अभ्यास में हिस्सा लिया तथा संचार एवं डेटा साझेदारी पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने रूजवेल्ट पोत पर पत्रकारों से कहा कि ये अभ्यास अमेरिका और इसके सहयोगी देशों के बीच संचार बेहतर बनाने तथा क्षेत्र में संकट से निपटने के लिए हमें बेहतर रूप से तैयार करेगा।



### यूएसएस रूजवेल्ट ने बरसाया बारूद



### अमेरिकी फाइटर जेट ने दिखाया दम

एफ/ए-18ई सुपर होर्नेट लड़ाकू विमानों ने पोत से उड़ान भरी। पोत पर पनडुब्बी रोधी एमएच-60आर सीहॉक हेलिकॉप्टर भी तैनात थे। अलेक्जेंडर ने कहा कि इस अभ्यास का यह महत्व है कि हम समान विचारधारा वाले तीन देश हैं, जो पश्चिमी प्रशांत में शांति, सुरक्षा और स्थिरता में यकीन रखते हैं। वहीं, बीजिंग में चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि इसके एशियाई मामलों के महानिदेशक ने शुक्रवार को जापानी दूतावास के एक शीर्ष राजनयिक से मुलाकात की।

### ट्रैवल एडवाइजरी: भारतीयों को ईरान-इजराइल नहीं जाने की सलाह

# इजराइल और ईरान में 'जंग' के हालात!

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारतीय विदेश मंत्रालय ने ईरान और इजराइल को लेकर ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है। सभी भारतीयों को अगली सूचना तक ईरान या इजराइल की यात्रा नहीं करने की सलाह दी है। विदेश मंत्रालय ने उन सभी लोगों से भी अनुरोध किया है जो मौजूदा समय में ईरान या इजराइल में रह रहे हैं, वे वहां भारतीय दूतावास से संपर्क करें और अपना रजिस्ट्रेशन कराएं। भारत सरकार ने ईरान और इजराइल को लेकर ट्रैवल एडवाइजरी में सभी भारतीयों को अगली सूचना तक ईरान या इजराइल की यात्रा नहीं करने के निर्देश दिए हैं।

इजरायल और हमास के बीच पहले से ही युद्ध जारी है। अब ईरान के साथ भी इजराइल के रिश्ते बिगड़ चुके हैं। हालात यहां तक पहुंच गए हैं कि कभी भी जंग का ऐलान हो सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि ईरान ने धमकी दे दी है कि वो इजराइल पर हमला करेगा। इसी बीच एक रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। इसमें बताया कि अगले कुछ घंटे में ईरान पर इजराइल हमला कर सकता है।




### इजराइल की सीमाओं के अंदर होगा हमला

अमेरिकी खुफिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए रिपोर्ट में कहा गया था इजराइल पर तुरंत ईरान का हमला हो सकता है। एक सूत्र कहा कि हमला इजराइल की सीमाओं के अंदर हो सकता है। रिपोर्ट में कहा गया कि इस सप्ताह की शुरुआत में देश के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई से संपर्क किया था और उन्हें इजराइली हितों पर हमला करने का विकल्प बताया था।

### भारत ने इसलिए जारी की एडवाइजरी

ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते टकराव और उस क्षेत्र में गंभीर होते हालात को देखते हुए भारतीय विदेश मंत्रालय ने एडवाइजरी जारी कर दी है। विदेश मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों को इन देशों की यात्रा नहीं करने और वहां रह रहे नागरिकों से अपनी सुरक्षा का खास ध्यान रखने की अपील की है।

### ईरान ने इजराइल को ठहराया था दोषी

ईरान ने उस हमले के लिए इजराइल को दोषी ठहराया था जिसमें उसके एक शीर्ष सैन्य कमांडर और छह अधिकारी मारे गए थे। इजराइल ने कहा है कि वह गाजा में चल रहे सैन्य अभियान के बीच 'अन्य क्षेत्रों में बदलते परिदृश्य' की तैयारी कर रहा है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि हम रक्षा और हमले दोनों में इजराइल की सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने की तैयारी कर रहे हैं।

### ब्रिटेन में बेकरी और मैट्रेस फैक्ट्री पर रेड

# वीजा उल्लंघन पर 12 भारतीय अरेस्ट

**एजेंसी** | लंदन

ब्रिटेन के इमिग्रेशन अधिकारियों ने वीजा शर्तों का उल्लंघन कर मैट्रेस और केक फैक्ट्री में अवैध रूप से काम करने के संदेह में 12 भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इसमें 11 पुरुष और एक महिला हैं। ब्रिटेन के गृह कार्यालय के एक बयान के अनुसार, इमिग्रेशन



इन्फोर्समेंट अधिकारियों ने इंग्लैंड के वेस्ट मिडलैंड्स क्षेत्र में गद्दे के कारोबार से जुड़ी एक यूनिट पर छापा मारा। अधिकारियों को खुफिया सूचना मिली थी कि वहां अवैध रूप से काम हो रहा है। अधिकारियों ने अवैध रूप से काम करने के आरोप में सात भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा चार और भारतीय नागरिकों को एक केक फैक्ट्री से गिरफ्तार किया गया, जिन पर वीजा शर्तों के उल्लंघन का आरोप है। इसके अलावा एक भारतीय महिला को भी इमिग्रेशन क्राइम के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि चार लोगों को ब्रिटेन से बाहर करने या भारत निर्वासित किए जाने पर विचार होने तक हिरासत में लिया गया है, वहीं बाकी आठ लोगों को इस शर्त पर जमानत दी गई है।




### मालदीव में पर्यटक घटे

# मालदीव भारत में कराएगा रोड शो

**एजेंसी** | माले

मालदीव और भारत सरकार के बीच राजनयिक विवाद जारी है। इस बीच मालदीव भारतीय पर्यटकों को लुभाने के लिए भारत के कई शहरों में रोड शो कराएगा। हालांकि ये कब और कहां होंगे, इसकी जानकारी नहीं दी गई है। मालदीव में लगातार भारतीय पर्यटकों की संख्या में गिरावट आ रही है। मालदीव एसोसिएशन ऑफ ट्रैवल एजेंट्स एंड टूर ऑपरेटर्स ने भारत के हाई कमिश्नर मुनु महावर से दोनों देशों के बीच यात्रा और पर्यटन सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नए साल के पहले हफ्ते में लक्षद्वीप गए थे। 6 जनवरी को पीएम मोदी ने अपने एक्स हैंडल पर भारत के पश्चिमी तट पर प्राचीन लक्षद्वीप द्वीपों की तस्वीरें और वीडियो पोस्ट किए। इसके बाद मालदीव के तीन मंत्रियों ने भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की। इससे भारतीयों में गुस्सा भर गया और सोशल मीडिया बायकॉट मालदीव कैंपेन चल उठा। बॉलीवुड, खेल समेत अन्य कई मशहूर हस्तियों सहित करोड़ों भारतीयों ने मालदीव का विरोध किया। कई पर्यटकों ने मालदीव की बुकिंग रद्द कर दी। इससे पहले तक मालदीव में सबसे ज्यादा भारतीय पर्यटक जाते थे, लेकिन जनवरी के बाद पहले पांचवें और अब छठे स्थान पर भारत पर्यटकों का आंकड़ा आ गया है।

### 10 अप्रैल तक महज 37 हजार भारतीय पर्यटक पहुंचे मालदीव



मालदीव के पर्यटन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, इस साल 10 अप्रैल तक कुल 6,63,269 पर्यटक मालदीव पहुंचे। इनमें सबसे ज्यादा चीन के 71,995 पर्यटक मालदीव आए। इसके बाद यूनाइटेड किंगडम (66,999), रूस (66,803), इटली (61,379), जर्मनी (52,256) और भारत (37,417) का स्थान रहा। मालदीव एसोसिएशन ऑफ ट्रैवल एजेंट्स एंड टूर ऑपरेटर्स ने कहा कि उन्होंने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मालदीव में भारतीय उच्चायोग के साथ मिलकर सहयोग करने का इच्छा व्यक्त की है। इसी कड़ी में प्रमुख भारतीय शहरों में रोड शो शुरू करने और आगामी महीनों में मालदीव में प्रभावशाली और मीडिया परिचित यात्राओं को सुविधाजनक बनाने की योजना पर काम चल रहा है।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क

## “सच बेधड़क” दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl